सभी देशवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
www.currentcrime.com
दैनिक करंट क्राइम
सिर्फ सच...
आठवां नवरात्र मां महागौरी
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। मंगलवार 16 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 186 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

BHAGIRATH PUBLIC SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi, 10+2)
ADMISSION OPEN
(2024-2025)
Pre-Nursery to IX & XI
OUR SALIENT FEATURES
Advance curriculum
Trained and well educated faculty
Fun Learning
Experiential Learning
Rifle Shooting Range
CCTV Surveillance
GPS Equipped Transport
Co-Curricular Activities
Language Lab
ATL Lab
Bhagirath Campus : B-Block, Sec.23, Sanjay Nagar, Ghaziabad -201002
Call No.: 0120-2785692, +91 8800505692 | www.bhagirathpublicschool.com

लोकसभा चुनाव 2024
मतदान है हमारा अधिकार
26 अप्रैल
को मतदान अवश्य करें
प्रशांत चौधरी
पूर्व विधायक

ADMISSION OPEN !!
SESSION 2024-25
R.K.G. GLOBAL SCHOOL
(A PRESTIGIOUS KNOWLEDGE RESOURCE CENTRE)
MANAGED BY: RAJ KUMAR GOEL GROUP OF INSTITUTIONS
FROM NURSERY TO ALL CLASSES
DISTRICT Athletics CHAMPIONSHIP
DAY CUM BOARDING AC RESIDENTIAL SCHOOL · COHERENT CURRICULUM · GLOBAL CONNECTIVITY · LUSH GREEN WIFI CAMPUS · COMPETENCY BASED LEARNING · SYNCHRONIZING COACHING · EXCELLENT INFRASTRUCTURE · SPECIAL SPORTS ACTIVITIES · SHOOTING RANGE, FOOTBALL · PERSONAL CONTACT CLASSES · LANGUAGE ENRICHMENT EXERCISE · ACTIVE LEARNING CLASSROOMS · EXCELLENT TRANSPORT FACILITIES
Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com

## 'मेरा 100 दिन का प्लान तैयार है...'
### चुनाव से पहले ही पीएम मोदी ने कर ली तीसरे कार्यकाल की पूरी तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा जेल भेजे जाने के विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) द्वारा दर्ज किए गए ज्यादातर केस उन व्यक्तियों और ऐसी संस्थाओं के खिलाफ है जिनका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि ईमानदार व्यक्ति को डरने की कोई बात नहीं है, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को पाप का डर होता है। इस दौरान पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की तैयारी शुरू कर ली है। उन्होंने 100 दिन के प्लान के बारे में बात करने के साथ ही कई मुद्दों पर बात की।



भाषणों में 2024 नहीं 2047 लक्ष्य है, इसके जिक्र को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि 2024 और 2047, दोनों अलग-अलग हैं। जब देश आजादी के 75 साल बाद अमृत महोत्सव मना रहा था, उसी समय मैंने ये विषय सबके सामने रखना शुरू किया था आज से एक दो वर्ष पहले कि 2047 को देश की आजादी के 100 साल पूरे होंगे। स्वभाविक रूप से ऐसे माइलस्टॉन होते हैं, वो एक प्रकार से नया उत्साह भरते हैं और नए संकल्प के लिए व्यक्ति को भरते हैं। जो अब हम 100 साल आजादी के पूरे करेंगे तो इस 25 साल का सर्वाधिक उपयोग हम कैसे करेंगे। हर कोई अपना एक लक्ष्य बनाए। जैसे एक ग्राम प्रधान लक्ष्य बनाए कि वह 2024 तक अपने गांव में इतना कुछ करेगा।

# व्यय प्रेक्षकों की पहली ही बैठक में कई प्रत्याशी रहे गायब

### प्रत्याशी अतुल गर्ग और डॉली शर्मा के व्यय खाते में पाया गया अंतर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है प्रेषक अब व्यय और बही खातों पर नजर डाल रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक टी. अरिवाझगन और सौरभ नायक की अध्यक्षता में लोकसभा प्रत्याशी व्यय खातों का शेड्यूल रजिस्टर मिलन का प्रथम व्यय निरीक्षक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में प्रत्याशियों में भाजपा के प्रतिनिधि, कांग्रेस के प्रतिनिधि, अंशुल गुप्ता राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी, पूजा सक्सेना राइट टू रिकॉल पार्टी, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय अपने प्रतिनिधियों के साथ उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रेक्षकों ने सभी प्रत्याशियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रत्याशी या प्रत्याशी प्रतिनिधि व्यय निरीक्षण बैठक में रहना अनिवार्य है। साथ ही वह अपने सभी लेनदेन का पूर्ण विवरण रखें, जिससे कि उन्हें और हमें निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रेक्षकों की अब अगली और द्वितीय व्यय निरीक्षण की बैठक 19 अप्रैल को होने की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इनको जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

**करंट क्राइम :** प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि बसपा से नंदकिशोर पुंडीर, राष्ट्रीय निर्माण पार्टी से आनंद कुमार, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से धीरेंद्र कुमार सिंह भदोरिया, अभिषेक पुंडीर निर्दलीय, कविता निर्दलीय, रवि कुमार पांचाल निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी निर्दलीय को बैठक में उपस्थित न होने पर व्यय प्रेक्षकों ने कारण बताओ नोटिस भेजने का आदेश दिया है।

### शेडो रजिस्टर में भी प्रेक्षकों को मिला अंतर

**करंट क्राइम :** बैठक के दौरान शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के व्यय खाते में अंतर पाया गया है। तो वही इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के व्यय खाते में भी अंतर पाया गया है। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप टू डेट नहीं पाई गई थी। वहीं अंशुल गुप्ता राष्ट्रीय जनकर्मठ पार्टी, पूजा सक्सेना राइट टू रिकॉल पार्टी, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय निर्वाचन के लिए जो बैंक के खाते खोले गए हैं इसमें कोई लेनदेन नहीं किया गया। वहीं अवलोकन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किए गए खर्च का ब्यूरो रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफीसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपडेट कराया जाएगा।

# 17 अप्रैल को आ रहे हैं गाजियाबाद में राहुल गांधी और अखिलेश यादव

### होटल रेडीसन में करेंगे दोनों नेता चुनाव को लेकर मीडिया से बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा के चुनाव को धार देने के लिए कांग्रेस और सपा के बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। 17 अप्रैल को डॉली शर्मा के चुनाव में उस समय रफ्तार आयेगी जब यहां कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक साथ आयेंगे। दोनों नेताओं की संयुक्त प्रेस वार्ता गाजियाबाद के होटल रेडीसन में रखी गई है। कौशाम्बी के होटल रेडीसन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक साथ प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेंगे। माना जा रहा है कि यहां दोनों नेता चुनावी मुद्दों को लेकर भाजपा को घेरेंगे। कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा के चुनाव में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के आने से एक नई जान आयेगी।

### सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दिखाई दे रहा है उत्साह

**करंट क्राइम।** चुनाव अब धीरे धीरे रफ्तार पकड़ रहा है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी और सपा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। अपनी पार्टी के सबसे बड़े चेहरों के आने की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। माना जा रहा है कि अभी चुनाव अभियान में प्रियंका गांधी भी आयेंगी और यहां चुनाव प्रचार के लिए सपा के अन्य बड़े नेता भी आ सकते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता लगातार चुनाव प्रचार में लगे हैं वो चुनावी रणनीति पर काम करते हुए अपने उम्मीदवार के लिए चुनाव माहौल तैयार कर रहे हैं।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह का दिखा गजब अंदाज, खेतों में चखा गन्ने का स्वाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के जिलाधिकारी और आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का समय-समय पर अलग अंदाज वाला फोटो और वीडियो सामने आता रहता है। सोमवार को उनका एक ताजा फोटो और वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खेत में कुर्सी पर बैठकर गन्ने का आनंद ले रहे हैं। वहीं इस दौरान उन्होंने गन्ने के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों से बातचीत कर रहे हैं। साथ ही इस दौरान उन्होंने गेहूं की फसल का हाल जाना और किसानों से बातचीत भी की। आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का यह है फोटो और वीडियो फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसको लेकर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कहा जाएगा गाजियाबाद आने के बाद उनके अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर आ रहे हैं। कभी इन्द्र विक्रम सिंह चुनाव को लेकर लोगों को सीख देते हुए नजर आते हैं। तो बीते दिनों उन्होंने स्वीप अभियान की पेंटिंग अभियान के तहत बच्चों के साथ फोटोग्राफी, बच्चों की स्कूल बस चलाने और फोटो लेने का प्रदर्शन किया था। तो वहीं शनिवार को उनका एक जिला मुख्यालय की कैंटीन में चाय बनाने वाला वीडियो भी सामने आया था। इसका मकसद आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत और लोगों में लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता लाने की अलख जगाना था।



### गन्ने का इस बार लिया डीएम साहब ने आनंद

**करंट क्राइम :** जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह का कुछ समय पहले बीएलओ के टिफिन पार्टी वाला भी एक वीडियो सामने आया था। जिसमें बीएलओ से चुनाव संबंधित बातचीत कर रहे थे और बीएलओ द्वारा घर से बने टिफिन का उन्होंने आनंद उठाया था। तो वहीं सोमवार को जो जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का वीडियो सामने आया है। इसमें वह खेत में कुर्सी जमाए बैठे हैं, उनके आसपास किसान हैं। किसानों से बातचीत हो रही है और जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह गन्ने चूसते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वह सोमवार को गाजियाबाद सदर के कुसलिया गांव में गेहूं की क्रॉप कटिंग के लिए भी गए थे।

# जब मेयर सुनीता दयाल जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा भाजपा प्रेस वार्ता वाला हॉल

## छह पार्षदों को भाजपा ज्वाइन कराकर मेयर सुनीता दयाल ने कर दिया कमाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक गाने के बोल हैं कि जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे, तुम दिन को कहो रात तो रात कहेंगे। लेकिन सियासत में फसाने कुछ भी हों, तराने कुछ भी हों लेकिन हर वक्त इस गाने के बोल राजनीति के रोल में फिट नहीं होते। कई बार राजनीति में वो बात भी कहनी पड़ती है जो पसंद ना हो और कई बार रात को दिन और दिन को रात भी कहना पड़ता है। राजनीति में पसंद नहीं समीकरण चलते हैं। चुनाव है और भाजपा इस समय अपना कुनबा एक्सटेंशन अभियान चला रही है। भले ही इस अभियान से भाजपा वालों को ही टेंशन हो रही है लेकिन संगठन के अपने फैसले हैं और यहां सहमति असहमति का सवाल ही नहीं है और सहमति असहमति के बीच जो सहमति वाला कार्ड चल दे वो खिलाड़ी है। इसका नजारा तब दिखा जब भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर भाजपा के चुनाव कार्यालय आये। यहां पर उन्होंने प्रेस वार्ता में उपलब्धियां बताईं। इस दौरान उनके साथ मेयर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी और भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह मौजूद थे। यहां भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी भी तस्वीर में हैं। प्रेस वार्ता खत्म होने को थी और इसी बीच सुनीता दयाल बाहर गईं। तब ये लगा कि कई बार कोई महत्वपूर्ण फोन आ जाता है तो जाना भी पड़ा है लेकिन अचानक बाहर से तेज नारों की आवाज आईं और देखते ही देखते कुछ लोग अंदर आ गये। सुनीता दयाल के नारों की गूंज से हॉल गूंज उठा और तब ये पता चला कि सुनीता दयाल ने कुनबा एक्सटेंशन कार्यक्रम में एक बड़ा शॉट मारा है। उन्होंने तीन निर्दलीय पार्षद, दो बसपा पार्षद, एक भाजपा के बागी पार्षद को भाजपा परिवार में शामिल कर निगम का कुनबा एक्सटेंशन कर लिया है। मेयर सुनीता दयाल ने इसके अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, चार पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा, विनोद शर्मा, विनोद कुमार, आनन्द गुप्ता को भी भाजपा परिवार में शामिल कराया। चुनाव के समय ये मेयर सुनीता दयाल का कमाल है।



### क्यों की मेयर खेमे ने ज्वाइनिंग की विज्ञप्ति जारी और खामोश रहे भाजपा मीडिया प्रभारी

**करंट क्राइम।** कुनबा एक्सटेंशन तो हो गया है लेकिन कुनबे में ही टेंशन दिखाई दे रही है। वजह भी ये है कि जिन्होंने भाजपा को हराया, उन्हें ही भाजपा अपने परिवार में ला रही है। कमाल ये भी रहा कि जब कुनबा एक्सटेंशन हो गया और ज्वाईनिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई, तब इस ज्वाईनिंग की विज्ञप्ति भी मेयर खेमे की ओर से जारी हुई। भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मंच पर मौजूद थे लेकिन उन्होंने ये जिम्मेदारी नहीं निभाई। पूरे घटनाक्रम की विज्ञप्ति मेयर खेमे की ओर से जारी हुई। हालांकि ज्वाईनिंग वाले सीन में संजीव शर्मा मंच पर नहीं थे लेकिन प्रेस विज्ञप्ति में मंच पर बताया गया है। वैसे वो मंच पर नहीं थे लेकिन मंच के आस-पास मौजूद थे।

### जब हो रहा था ज्वाइनिंग का वंडर, तब किसका फोन सुनने के लिए बाहर चले गए भगवा कमांडर

**करंट क्राइम।** जो बागी निगम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए मैदान में आये थे और समझाने के बाद भी राजी नहीं हुए थे, अब वो बागी भाजपा में आने के लिए क्यों राजी हो रहे हैं। ये सवाल अक्सर उठता है और जब भी बागी ज्वाईन करते हैं तो भाजपाई ये जरूर कहते हैं कि इसने हमें हराने के लिए चुनाव लड़ा। इसने भाजपा को हराने के लिए चुनाव लड़ा और अब जो भाजपा को हरा रहा था उसी के गले में भाजपा वाले ही हार पहना रहे हैं, ये बात समझ से परे है। संगठन के सामने ये बातें अक्सर आतीं हैं और संगठन सबसे पहले समन्वय का माहौल बनाता है। चुनाव का समय है और यहां कार्यकर्ता का मनोबल कुनबा बल से ज्यादा जरूरी है। ये चर्चा तब उठी जब चुनाव कार्यालय वाले हॉल में मेयर सुनीता दयाल की जिंदाबाद गूंज रही थी। क्षेत्रीय अध्यक्ष के सामने कुछ लोग घेरा बनाकर खड़े थे और सबकी समझ में ये आ गया था कि 6 वर्तमान पार्षद, 4 पूर्व पार्षद भाजपाई हो गये हैं। इन सभी को सुनीता दयाल ने भाजपा में शामिल कराया है। लेकिन सबकी जुबान पर यही बात थी कि जब ज्वाईनिंग का वंडर हो रहा था तो अचानक भगवा कमांडर के फोन पर एक कॉल आया जिसको सुनने के लिए वो बाहर चले गए। किसी ने कहा कि हो सकता है कि कोई जरूरी फोन आया हो लेकिन सब जानते हैं कि संगठन वालों को खबर नहीं और भाजपा में ज्वाईनिंग हो रही है तो ये बाते असहज करती हैं। क्योंकि केवल निगम से भाजपा नहीं चलनी है और भाजपा संगठन से चलनी है। संगठन अगर सर्वोपरि है तो फिर संगठन की सहमति और संगठन की संस्तुति के मायने होने चाहिए। माना कि मेयर ने ये बड़ी ज्वाईनिंग करायी है और निगम का कुनबा बढ़ाया है लेकिन संगठन में ये चर्चा का विषय बन गया है।

**ये सवाल अक्सर उठता है और जब भी बागी ज्वाइन करते हैं तो भाजपाई ये जरूर कहते हैं कि इसने हमें हराने के लिए चुनाव लड़ा।**

# डीसीपी सिटी जोन और एसीपी कोतवाली की मेहनत लाई रंग

# किन्नर के ठिकाने पर लूटपाट करने वाले दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कैश और लाखों के जेवरात बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर थाना पुलिस ने 10 अप्रैल को चांद उर्फ चंदा गुरु के यहां हुई लाखों रुपए की लूटपाट की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। वहीं लूटकांड को अंजाम देने वाला तिहाड़ जेल से कुछ दिन पहले ही छूटा मास्टरमाइंड आकिल अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस आकिल और उसके साथी रिंकू उर्फ.खुर्शीद की भी तलाश कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में सिटी जोन डीसीपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी कोतवाली प्रियश्री पाल और विजयनगर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस का दावा है कि इस पूरे मामले में लाखों रुपए के सोने और चांदी के जेवरात बरामद होने के साथ ही लगभग दो लाख रुपये कैश तमंचा और वह स्कूटी जो लूट में इस्तेमाल की गई थी बरामद की गई है।



## एसीपी खुद कर नहीं थी खुलासे को लीड, दिल्ली और एनसीआर में दी थी दबिश



**करंट क्राइम।** एसीपी कोतवाली प्रियाश्री पाल ने बताया है कि वह पूरे मामले को विजयनगर क्राइम टीम के साथ लीड कर रही थीं। इस मामले में अभी पुलिस को कई लाख रुपए के सोने और चांदी के जेवर बरामद हुए हैं जबकि एक लाख 91 हजार रुपए से अधिक कैश, दो बैग और घटना में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस व स्कूटी बरामद हुई है जिसका इस्तेमाल लूट में हुआ था। उन्होंने कहा इस मामले में काफी सबूत मिल चुके हैं जिसके आधार पर फरार दो अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सीसीटीवी की फुटेज से खुला लूट का राज

**करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन डीसीपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि चांद उर्फ चंदा जो किन्नर का गुरु है वह किन्नरों के साथ जिसमें लाला व सोनू उर्फ मुकर्रम, अनु, जया, स्नेहा और बिपाशा मिलकर बधाई देने जाते थे। उनके घर में रोजाना कैश और जेवर आते थे। चांद उर्फ चंदा की फरवरी माह में मौत हो गई थी। इसके बाद किन्नरों का गुरु लल्ला उर्फ इरशाद बन गया। लल्ला को पता था कि चांद के पास बधाई का पैसा और सोना है इसीलिए लल्ला ने इसे अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस को दो सीसीटीवी मिले थे जिसके आधार पर स्कूटी सवार लुटेरों की शिनाख्त हुई थी। पुलिस ने इस मामले में नावेद उर्फ हिलाल निवासी चमन कॉलोनी और इस्लाम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही नई उम्र के लुटेरे हैं। पुलिस इस मामले के मास्टरमाइंड और कुछ दिन पहले तिहाड़ जेल से छूट आकिल की तलाश कर रही है। साथ ही रिंकू उर्फ.खुर्शीद भी इस मामले में अभी फरार है। जिसे अधिकारी जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रहे हैं।

## लूट करने के बाद ईद की लुटेरों ने की थी शॉपिंग

**करंट क्राइम।** पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि नावेद उर्फ हिलाल और इस्लाम में आकिल ने लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद शॉपिंग भी की थी। इन्होंने कपड़े और जूते खरीदने के साथ ही अन्य सामान भी खरीदा था। जिसे पुलिस जल्द से जल्द बरामद करने के प्रयास में दो स्थानों पर दबिश दी है। इस मामले में पुलिस को अभी दो फरार आरोपियों की तलाश है।

## लक्ष्मी गुप्ता हत्याकाण्ड

# पुलिस को नार्को की अनुमति मिल चुकी, अब पहले होगा पॉलीग्राफी टेस्ट

**मोदीनगर करंट क्राइम।** नौ माह बाद भी पुलिस मेडिकल छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की हत्याकाण्ड का पदार्फाश नहीं कर सकी है। पुलिस अभी तक कोई भी

छह आरोपितों का नार्को टेस्ट होना है, लेकिन इनके खिलाफ पुलिस के पास कोई ठोस साक्ष्य नही है। इन पर बयान बदलने का भी आरोप है। कोर्ट से पुलिस को नार्को टेस्टकी अनुमति मिल चुकी है, लेकिन इससे पहले अब सभी छह आरापितों का पॉलीग्राफी टेस्ट भी होगा। इसको लेकर पुलिस की तरफ से तैयारी पूरी हैं। पुलिस को तारीख मिलने की प्रतीक्षा है। तमाम लोगों से पूछताछ के बाद भी पुलिस के पास कोई साक्ष्य हाथ नही लगा है। पुलिस को उम्मीद है कि पॉलीग्राफी से साक्ष्य मिल सकते हैं।



### जाने मामला क्या है

जनपद उन्नाव के छपरा मऊ की लक्ष्मी गुप्ता मोदीनगर स्थित निवाड़ी रोड पर दिव्य ज्योति चिकित्सा शिक्षण संस्थान में बीएएमएस तृतीय वर्ष की छात्रा थी, वह निवाड़ी रोड पर ही स्थित सूर्या एनक्लेव नामक कॉलोनी में पतला नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन मनोज शर्मा के आवास की द्वितीय मंजिल पर किराये के कमरे में रहती थी। 15 जून 2023 को लक्ष्मी का शव कमरे की चैखट से कमरे में लटका मिला। साथ में एक नोट भी मिला, पुलिस इसे आत्महत्या मान रही थी।

लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई तो हत्या का मामला दर्ज किया गया। फिलहाल पुलिस मकान मालिक, उनका पुत्र, एक किरायेदार एंव लक्ष्मी के तीन दोस्तों को संदिग्धों में मानकर घटना की जांच कर रही है।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव का कहना है कि संदिग्धों के टेस्ट कराने की पुलिस की तरफ से पूरी तैयारी है, तारीख मिलने का इंतजार है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पर आयोजित चुनाव संचालन समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री स्वंतत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान क्रय विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने कैबिनेट मंत्री स्वंतत्र देव सिंह से विशेष मुलाकात की। इस मुलाकात में रूद्र प्रताप त्यागी, डीडी यादव,प्रदीप चौधरी,प्रताप सिंह भी मौजूद थे। वीरेंद्र सारस्वत पार्टी के सभी आयामों से लेकर चुनाव प्रचार के कामों में हमेशा आगे रहते हैं। लोकसभा चुनावों में भी वो लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

# डॉ0 भीमराव अंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** परम पूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव समारोह डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति भूपेंद्रपुरी के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया।

बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत मंडली के द्वारा बाबा साहब के जीवन से संबंधित अनेक गीतों का कलाकारों द्वारा व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ0 सतीश कुमार ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने के संकल्प को दोहराया। समिति के अध्यक्ष मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष बाबा साहब की जयंती मनाते हैं। हमें उनके विचारों पर



चलकर अपने परिवार, अपने समाज व अपने देश को आगे बढ़ना चाहिए। उनके जीवन के तीनों संघर्ष शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो पर पूरी तरीके से संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए। समिति के कोषाध्यक्ष हरभजन सिंह मास्टर ने बाबा साहब के शिक्षा दर्शन और राजनीतिक दर्शन संविधान निर्माण आदि पर प्रकाश डाला। एडवोकेट सुनील कुमार ने भी बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चल आगे बढ़ रहे हैं। मंच का संयुक्त संचालन समिति के महासचिव सचिन बौद्ध, सुनील कुमार एडवोकेट व अभिषेक सीकरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम व समाज के प्रमुख समाजसेवी कृपाल सिंह ठेकेदार बेगमाबाद ने किया। इस दौरान मास्टर गजेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, देवपाल हरित, डॉ0 मनोज कुमार, जगमोहन सिंह, अरुण कुमार, राकेश कुमार कर्दम, सुनील कुमार एडवोकेट, गजेंद्र सिंह, विकास कुमार गोल्डी, दिवाकर सागर, विकास सागर, सुधीर भारती, शिव कुमार, भूषण कुमार, राहुल कुमार, अनिल मास्टर, सतपाल सिंह, दिनेश कुमार, अंकुर गौतम, सतपाल गौतम, शेर सिंह, किशोरी लाल, डॉ0 राजकुमार, नरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, राजाराम, प्रमोद कुमार, गुलाब सिंह आदि का सहयोग महत्पूर्ण रहा।

# केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पहली बार राज नगर एक्सटेंशन केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में पहली बार आरडब्लूए द्वारा बुद्धा फाउंडेशन के माध्यम से समिति के कम्युनिटी सेंटर मैं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इसमें बाबा साहब की किताबें बांटी गईं। बाबा साहब के कार्यों के बारे में बताया गया व उनके संघर्ष के बारे में बताया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में थाना नंदग्राम इंस्पेक्टर श्रद्धा धर्मपाल मौजूद रहे तथा सोसाइटी के सैकड़ों परिवारों ने जयंती में शामिल होकर प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया। जिसमें बनवारी लाल सिद्धार्थ (अध्यक्ष बुद्धा फाउंडेशन), श्रद्धा श्रीनिवास गौतम, श्रद्धा एडवोकेट प्रवीण, तरुण कुमार (वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष फाउंडेशन) श्रद्धा राजेश एजुकेशन मिनिस्ट्री से, श्रद्धा महेश चंद सेंट्रल मिनिस्टर डिफेंस, श्रद्धा एमपी सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी, श्रद्धा मालती मिनिस्टर ऑफ डिफेंस डीआरडीओ से, धर्मेंद्र चौधरी आरडब्ल्यूओ के अध्यक्ष, श्रद्धा मुकेश गौतम राष्ट्रीय परिवर्तन शक्ति के अध्यक्ष, श्रद्धा राकेश गौतम, श्रद्धा सुभाष चंद्र, श्रद्धा इंस्पेक्टर नरेंद्र, श्रद्धा रिंकू, इरीगेशन डिपार्टमेंट से जगदीश, श्रद्धा रिंकू दिल्ली पुलिस, श्रद्धा भारत की दिल्ली पुलिस, वह डॉक्टर कमल किशोर बाल रोग विशेषज्ञ, श्रद्धा नीलिमा गौतम, श्रद्धा उर्मिला वह आदि लोग शामिल हुए।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अपनो के जन्मदिन पर अपनो की बधाई का अपना ही आनंद होता है। बहन के हैप्पी बर्थडे पर हैप्पी स्पेशल विश के साथ इस पल को हैप्पी बनाया नमिता ने। निशा निगम का आज जन्मदिन है और उनकी बहन नमिता, श्रद्धा और कीर्ति ने अपनी बहन निशा के लिए ईश्वर से उनकी लंबी आयू उत्तम स्वास्थ की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

## न्यूज डायरी

### दंबगों ने घर में घुसकर हथियार से किया हमला, छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव जलालाबाद में पुरानी रंजिश को लेकर दंबगों ने घर में घुसकर जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। दंबगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद निवासी शिवकुमार व साजिद का मकान आसपास है। बताया जा रहा है कि साजिद व जावेद का काफी समय पहले झगड़ा हुआ था। उन्हें शक था कि मेरे भतीजे ललित ने झगडे की वीडियो बनाई थी। इस बात को लेकर देर रात साजिद व जावेद ने ललित के साथ मारपीट करनी शुरु कर दी। इसी बीच बाहर आकर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि थोड़ी देर रात साजिद व जावेद अपने साथियों के साथ घर के अंदर आ गए और जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। उन्होने घर के अंदर रखा सामान तोड़फोड़ कर दिया और धारदार हथियार से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। शिवकुमार ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर साजिद ,जाविद, इमरान ,जहीर ,जमालू व दाशिन निवासी गांव जलालाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ व मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**मोदीनगर करंट क्राइम।** स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर वापस जा रही एक शिक्षिका के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की, विरोध करने पर युवकों ने शिक्षिका के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी व्यक्ति परिवार सहित रहता है। उनकी पुत्री गांव के ही एक स्कूल में शिक्षिका पद पर कार्यरत है। शिक्षिका छुट्टी के बाद स्कूल से अपने घर पैदल वापस जा रही थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंची तो बाइक सवार तीन युवक आए और अश्लील हरकत करने लगे। पहले तो शिक्षिका ने युवकों की बात को अनसुना कर दिया। इसके बाद युवक वापस आए और शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ करने लगे। युवती द्वारा शोर मचाने पर युवकों ने मारपीट की और फरार हो गए। युवती अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद पजिनो ने इसकी शिकायत गोविन्दपुरी पुलिस चैकी से की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

## सीएसके के कोच का बड़ा बयान

# 'चोट से जूझ रहे धोनी...'

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के डेथ ओवर बैटिंग एक्सपर्ट हैं। उन्होंने कहा है कि धोनी को जिस तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है, वह मैच की परिस्थितियों में भी सफल साबित हो रही है। धोनी रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके की पारी की अंतिम चार गेंदों पर उतरे और शुरूआती तीन गेंद पर छक्के जड़कर 20वें ओवर में 26 रन बटोरने में मदद की। माही ने चार गेंद में नाबाद 20 रन बनाए और इतने ही रन से एमआई की टीम मैच हार गई।

सिमंस ने कहा- विपक्षी टीम हमें 200 से कम पर सीमित करने की सोच रही थी और फिर उन्हें अचानक से ऐसी पारी देखने को मिली। अंत में वह 207 रन चेज कर रहे थे। हम हर बार उनके ऊपर निर्भर होते हैं और उन्होंने हमें आश्चर्यचकित करना जारी रखा है। मैदान पर जाकर पहली गेंद को छक्के के लिए हिट करना और फिर उस मोमेंटम को जारी रखना बहुत मुश्किल काम है, लेकिन वह नेट्स पर काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमें बस एक और अविश्वसनीय एमएस धोनी मोमेंट देखने को मिला।

भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच रह चुके सिमंस ने कहा कि धोनी एक बल्लेबाज के रूप में सीएसके की डेथ बॉलिंग को परखने का एक जरिया भी हैं। नेट्स पर वह सीएसके के गेंदबाजों के सामने डेथ ओवर की तरह प्रैक्टिस करते हैं। सिमंस ने कहा- जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो हम उन्हें बल्लेबाजी टेम्पलेट के रूप में उपयोग करते हैं। अगर हमारे गेंदबाज उनके खिलाफ नेट्स में सफल होते हैं, तो हम जानते हैं कि हम अच्छा करने जा रहे हैं।

मैच खत्म होने के बाद धोनी लंगड़ाते दिखे थे। ऐसा लग रहा था कि उनके पैर में दर्द है। अब सिमंस ने स्वीकार किया कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्होंने बिना किसी दर्द के इससे बहादुरी से निपटा। उन्होंने कहा- हर कोई उनकी चोट में अधिक रुचि रखता है। वह सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक हैं। मैंने ऐसा खिलाड़ी कभी देखा है। मुझे इस बारे में सोच भी नहीं सकता और हम जानते हैं कि वह किस हद तक दर्द में हो सकते हैं या नहीं। वह बस अपना काम करते रहना चाहते हैं। उन्हें कुछ चोटें हैं। उसके पास बस इन सबको अनदेखा करने की क्षमता है और वह जानते हैं कि क्या करने की आवश्यकता है। हम उिकी चोट के बारे में ज्यादा चिंतित हैं। जब मैं 'हम' कहता हूं तो मेरा मतलब फैंस से होता है जो उनकी चोटों को लेकर उनसे ज्यादा चिंतित है।

सिमंस ने शिवम दुबे की भी तारीफ की। दुबे पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार फॉर्म में हैं। हालांकि, इस सीजन वह सिर्फ स्पिनर्स की नहीं, बल्कि तेज गेंदबाजों की भी जमकर धुनाई कर रहे हैं। दुबे का खौफ स्पिनरों में इस कदर है कि रविवार को मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दुबे के मैदान में आने के बाद किसी स्पिनर को गेंदबाजी नहीं दी। श्रेयस गोपाल और मोहम्मद नबी ने उनके आने से पहले ही गेंदबाजी की थी। दुबे ने गोपाल की सिर्फ एक गेंद का सामना किया और उस पर एक रन बनाया।

दुबे ने एमआई के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 66 रन की पारी खेली और आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। टीमें उनके खिलाफ स्पिन गेंदबाजी करने से डर रही हैं। मुंबई इंडियंस ने सात गेंदबाजी विकल्पों का इस्तेमाल किया, लेकिन आठवें ओवर के बाद अपने स्पिनरों को गेंदबाजी नहीं दी। सिमंस ने कहा, 'जब वह (दुबे) बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जाते हैं तो स्पिनरों की जमकर धुनाई करते हैं और वे तेज गेंदबाजों की भी पिटाई करते हैं। वह स्पिनरों पर अधिक प्रभावी हैं।

उन्होंने कहा, 'यह इस पर निर्भर करता है कि आप मैच पर कैसे नियंत्रण रखते हो और दुबे जैसा खिलाड़ी इसे नियंत्रित कर सकता है क्योंकि वे दुबे के सामने स्पिन गेंदबाजी नहीं करा सकते। विपक्षी टीम स्पिन गेंदबाजी कराना ही नहीं चाहती। वे डरते हैं। दुबे के तेज गेंदबाजी के खिलाफ प्रभावी होने की के बाद वह और अधिक खतरनाक हो गए हैं। सिमंस ने कहा- दुबे ने एक्स्ट्रा कवर पर कवर ड्राइव मारा।




# लोनी में कई स्थानो पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने किया धुआंधार प्रचार

**लोनी करंट क्राइम।** विभिन्न गांवो और कालोनियों मे लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया और आने वाली 26 अप्रैल को सभी से राष्ट्रहित मे भाजपा को वोट करने की अपील की और सभी जनप्रतिनिधियों और प्रमुख लोगो के मार्गदर्शन मे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने का आश्वासन दिया। बूथ,शक्तिकेन्द्र,की सभी ईकाई पूरी तरह से सक्रिय है कार्यकर्ता घर घर जाकर संपर्क कर रहे है और इस बार हम पिछले रिकॉर्ड को तोडकर तीसरी बार केन्द्र मे मजबूत सरकार बनाने जा रहे है। वही लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने भी क्षेत्रवासियों को पूरा आश्वासन दिया कि लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ मिलकर लोनी मे विकास की बडी योजनाएं लाएंगे। इस जनसंपर्क मे हर गांव मे क्षेत्रवासियों ने प्रत्याशी को ढोल नगाडे बजाकर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और बहुमत से जिताने का आशिर्वाद दिया ।जनसंपर्क की शुरूआत पवन मावी के आवास टीला गांव से होकर अफजल पुर गांव मे नितिन प्रधान ,निस्तोली मे मनीष डागर ,रिस्तल मे अरुण कसाना के बाद लोनी विधानसभा चुनाव कार्यालय मित्तल भवन एस.बी.आई बैक के सामने सहारनपुर रोड का विधिवत उद्घाटन किया जहां सभी भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति रही उसके बाद रामपार्क लोनी मे एडवोकेट दिनेश बैसोया अध्यक्ष बार एसोसिएशन के कार्यालय पर,गुलाब वाटिका मे सभासद अंकुश जैन ,शांति नगर मे धर्मेंद्र बंसल ,टीला गांव के बरात घर मे संजीव कुमार एंव सुमित प्रताप ,ईश्वर मावी भाजपा नेता के टीला गांव मे आवास पर,गढी कटैया मे पूर्व चेयरमैन विनोद बंसल ,प्रेम विहार डी.एल.एफ मे रामनिवास त्रिपाठी सहित सभी जगह हजारों क्षेत्रवासियों से सीधा संपर्क किया । इस कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष,मोर्चों के पदाधिकारी, सभी मण्डल अध्यक्ष,सहित सभी वरिष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



# 'युवा विकेटकीपर के तीन छक्कों...', धोनी के मुरीद हुए कप्तान ऋतुराज

**मुंबई।** आईपीएल 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रन से हरा दिया। सीएसके की जीत का अंतर बस उतना ही रहा जितना महेंद्र सिंह धोनी ने इस मुकाबले में स्कोर किया था। उन्होंने चार गेंद में 20 रन की नाबाद पारी खेली थी और बस इतने ही रन से चेन्नई की टीम ने जीत हासिल की। मैच जीतने के बाद सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने धोनी की तारीफ में पुल बांध दिए। उन्होंने 'जूनियर मलिंगा' और 'मलिंगा 2.0' के नाम से मशहूर मथीशा पथिराना की भी जमकर तारीफ की।



**धोनी ने लगातार तीन छक्के जड़े :** दरअसल, धोनी चेन्नई की पारी के 20वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्हें महज आखिरी चार गेंदें खेलनी थीं और हार्दिक पांड्या गेंदबाजी कर रहे थे। हालांकि, धोनी ने बिना कोई गेंद छोड़े अपनी पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के जड़े। इसके बाद चौथी गेंद पर दो रन लिए। इससे चेन्नई का स्कोर 206 रन तक पहुंच सका। ऋतुराज ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा- उस युवा विकेटकीपर के तीन छक्कों ने हमारी काफी मदद की। वही तीन छक्के अंत में जीत-हार का अंतर बने। इस तरह की पिच के लिए हमें उन अतिरिक्त 10-15 रन की आवश्यकता थी। बुमराह ने वाकई अच्छी गेंदबाजी की।

**ऋतुराज ने गेंदबाजों की तारीफ की :** ऋतुराज ने कहा- मुझे लगता है कि हमने गेंद के साथ अच्छे प्रयोग किए, भले ही मुंबई के बल्लेबाजों ने कुछ शानदार शॉट्स खेले। इस तरह कि पिच के लिए गेंदबाजी और बैटिंग में एकदम परफेक्ट होने की जरूरत होती है। हमारे मालिंगा ने वाकई अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने यॉर्कर का शानदार इस्तेमाल किया। तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने भी अच्छी गेंदबाजी की। आगे भी चीजों को हम आसान बनाए रखने की कोशिश करेंगे। मुझे सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखने के लिए प्रोत्साहित करना होगा और जीत के लय को बरकरार रखना होगा। रहाणे थोड़े अनफिट थे, इसलिए मुझे लगा कि उन्हें ओपनिंग देना बेहतर है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। मंगलवार 16 अप्रैल - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# भाजपा के संकल्प पत्र की सत्येंद्र सिसोदिया ने गिनाई उपलब्धियां

## मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र 140 करोड़ लोगों के लिए है : सत्येंद्र सिसोदिया

### 11 करोड़ किसानों को अब तक पीएम की अलग-अलग योजनाओं का मिला लाभ

### अगले 5 साल में भाजपा की सरकार का 3 करोड़ लखपति दीदी का है लक्ष्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024 को भारतीय जनता पार्टी ने जारी कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भाजपा महानगर संजीव शर्मा सहित पार्टी के प्रमुख चेहरे उपस्थित हुए और सत्येंद्र सिसोदिया ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 की विशेषताएं बताई। इस दौरान सिसोदिया ने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 75 पन्नों का है। घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले। इसमें नमो ऐप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं। संकल्प पत्र को 24 समूह में बांटा गया है। भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियां का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक राष्ट्र निर्माण की दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि भाजपा जो कहती है वह करने का दाम एनडीए रखती है। इस दौरान उन्होंने बताया कि आमजन के संवाद स्थापित करते हुए 15 लाख लोगों की राय लेने के बाद यह संकल्प पत्र बनाया गया है। जिसको 140 करोड़ लोगों के लिए बनाया गया है। सतेंदर सिसोदिया ने कहा कि गरीब, युवा, किसान, सभी वर्ग और महिलाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए हर वर्ग और समाज के लिए यह घोषणा पत्र बनाया गया है। सतेंद्र सिसोदिया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पूरा किया है। साथ ही देश आगे बढ़ने का काम 2047 तक के लिए तय कर लिया गया है और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना भारतीय जनता पार्टी की प्लानिंग में शामिल है। अर्थव्यवस्था मजबूत हो और खेलों में सम्मान लेकर नई पीढ़ी को और ज्यादा प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सिसोदिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 देव तुल्य मतदाताओं की गारंटी है और यह मोदी की गारंटी को बढ़ाने का काम करेगा। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष मुद्दों को लेकर चुनाव में आ नहीं रहा है और चुनाव के परिणाम आने पर ईवीएम को कोसना शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसे 2014 में जीते थे वैसे ही 2024 में भी जीतेंगे।



### क्षत्रिय समाज नहीं है नाराज और योगी- मोदी से नहीं है किसी की नाराजगी : सिसोदिया



**करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने जब क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया से पूछा की क्षत्रिय समाज को लेकर जो नाराजगी वाला सीन चल रहा है उसपर क्या कहना चाहेंगे। इस पर सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि कोई व्यक्ति नाराज हो सकता है, समाज नाराज नहीं है। सभी को समाज के साथ लेकर चलने का काम किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति तो नाराज हो सकता है लेकिन मोदी और योगी से कोई नाराज नहीं है। भाजपा से कोई नाराज नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पर नाराजगी की बात की जा रही है वहां सभी वर्गों की पंचायत करके उनको मना दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय समाज 90% वोट भारतीय जनता पार्टी को पड़ेगा और यह मोदी की गारंटी है। इस पर जब उनसे पूछा गया कि क्षत्रिय समाज की गारंटी वह देते हैं तो उन्होंने कहा कि मैं अपने देव तुल्य कार्यकर्ताओं को जानता हूं और मोदी की गारंटी में सभी की गारंटी है।

#### राम मंदिर के साथ-साथ उज्जैन, काशी, केदारनाथ का भी बदला है स्वरूप

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे तो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर का जो संकल्प पिछले मेनिफेस्टो में लिया था उसको पूरा करने का काम किया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अयोध्या के साथ-साथ उज्जैन, काशी, केदारनाथ का भी स्वरूप बदलने का काम किया गया है। साथ ही यहां की धार्मिक आस्थाओं को भी इससे काफी बढ़ावा मिला है।

#### 11 करोड़ किसानों को मिला है लाभ

**करंट क्राइम :** सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद किसानों के लिए काफी कुछ कल्याणकारी योजनाएं और सौगात मिलीं हैं।

इसी का नतीजा है कि आज देश के 11 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अलग-अलग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। जिससे वह पहले से खुशहाल और मजबूत हुए हैं।

#### मोदी ने बढ़ाई विदेश तक तिरंगे की ताकत

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संयोजक सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि सहारनपुर और देवबंद जैसे स्थानों का भी काफी सुधार किया गया है। साथ ही वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेन चलकर भारत को विश्व तकनीक वाली ट्रेन मुहैया कराई गई हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी ने विदेश में भी अपनी ताकत दिखाई है, जिस तरीके से भारत का तिरंगा लेकर जब विदेशों के छात्र और निवासी युद्ध के मैदान पर चल रहे थे तब उन पर कोई हमला नहीं कर सकता था। इससे न सिर्फ देश की ताकत का एहसास होता है बल्कि तिरंगे को लेकर भी उसकी ताकत पता चलती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी सशक्त हुआ है।

### 'लोकसभा चुनाव 2024 देव तुल्य मतदाताओं की गारंटी है'

#### कोरोना की वैक्सीन पूरे विश्व को भारत ने दी

**करंट क्राइम :** सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि जब पूरी दुनिया कोरोना की महामारी से जूझ रही थी, तो भारत ही सबसे बड़ी शक्ति के रूप में सामने आया। उसने कोरोना का इंजेक्शन और वैक्सीन तैयार कर पूरी दुनिया को उपलब्ध कराने का काम किया और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से हो पाया है।

**जब पूरी दुनिया महामारी से जूझ रही थी, तो भारत ने ही राहत की पहल की**

#### 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना है लक्ष्य

करंट क्राइम : भाजपा की सरकार एक करोड़ लखपति दीदी का सपना पूरा करने के बाद अब 3 करोड़ लखपति दीदी की योजना को सफल बनाने के लिए अभी से जुट गई है। सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य रहेगा। साथ ही हर व्यक्ति को रहने के लिए मकान और सिर ढकने के लिए छत का सपना भी वह साकार करने का काम करेगी।

**यह रहे मौजूद :** पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व महापौर अशु वर्मा, सतेंद्र चौधरी, सरदार एसपी सिंह, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, महामंत्री सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर ने कहा

## लड़नी है अपने समाज के मान-सम्मान की लड़ाई




### मैं भी पहुंचूंगा आपके बीच और मिलेगा आपसे मेरा परिवार, भतीजे और भाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा उम्मीदवार ठाकुर नन्द किशोर पुण्डीर ने एक वीडियो जारी कर क्षेत्र के सभी लोगों से ये अपील की है कि वो उन्हें वोट दें और उनके इस वीडियों में उन्होंने विशेष रूप से ठाकुर समाज की बात कही है।

बसपा प्रत्याशी नन्द किशोर पुण्डीर ने अभिवादन में ही सभी भाई बहनों को नमस्कार करने के बाद ये कहा कि वह बसपा उम्मीदवार हैं और वो इस चुनाव में समाज के मान सम्मान और अस्तित्व की लड़ाई लड़ने आये हैं। नन्द किशोर पुण्डीर ने अपने वीडियो में कहा है कि मैं तो कहीं और काम कर रहा था लेकिन जब मैंने देखा कि सत्ताधारी पार्टी ने क्षत्रिय समाज के टिकट काट दिये हैं तो मुझे समाज के मान सम्मान के लिए आना पड़ा। राजस्थान में हमारे समाज की पगड़ी उछालने का काम किया है। गुजरात के एक केन्द्रीय मंत्री ने हमारे समाज को मुगलों के तलवे चाटने वाला कहा है। इससे पूरे समाज में रोष है। वीडियो के जरिए बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर ने ये अपील की है कि गाजियाबाद में उन्हें सभी सपोर्ट करें। उन्होंने कहा है कि लोकसभा का क्षेत्र बड़ा है और वह सभी के बीच पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। नन्द किशोर पुण्डीर ने सभी से ऑनलाईन सहयोग भी मांगा है।

उन्होंने कहा है कि मान सम्मान की लड़ाई में सभी मेरा साथ दें। जल्द ही मेरा परिवार, मेरे भतीजे और मेरे भाई भी आपसे मिलेंगे।

## 19 अप्रैल को मोदीनगर आ रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 19 अप्रैल को यहाँ मोदी इंटर कालेज के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागपत मोदीनगर लोकसभा चुनाव को लेकर एक सभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान की अध्यक्षता मे भाजपा विधानसभा चुनाव संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। एनडीए प्रत्याशी डॉ0 राजकुमार सांगवान के चुनाव कार्यालय पर आयोजित बैठक में अधिक से अधिक से अधिक लोगों को सभा में लाने की रणनीति पर विचार किया गया। विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव के समन्वयक संजीव गोयल सिक्का, प्रभारी अशोक नागर, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, विधानसभा प्रभारी व पूर्व पालिकाध्यक्ष पं0 रामआसरे शर्मा, उमेश राणा, डॉ0 नवेंद्र गौड, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, उपाध्यक्ष देवेंद्र चैधरी, जितेंद्र चित्तौडा, प्रदीप बोस आदि ने सभा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। सभा में तकरीबन दस हजार लोगों के जुटाने का लक्ष्य रखा गया। जिसे लेकर पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। विधायक डॉ0 मंजू सिवाच ने कहा कि हमारे प्रत्येक कार्यकर्ताओं को बागपत मे होने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में अधिक से अधिक संख्या मे पंहुचकर उनके विचार सुनने है और एनडीए प्रत्याशी डॉ0 राजकुमार सांगवान को भारी बहुमत से जीताना है।



### रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी को भी लाने पर विचार

**करंट क्राइम।** बागपत मोदीनगर सीट पर चुनाव की गर्मी को भांपते हुए अब रालोद की ओर से इस सभा में रालोद की स्टार प्रचारक पार्टी के सुप्रीमो जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी को भी लायें जाने पर विचार किया जा रहा मतदाताओं को लुभाने के लिये रालोद ने भी चुनाव कार्यालय पर रविवार को बैठक की। बैठक में रालोद के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिडडी, जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना ने भी इस सभा को सफल बनाने का आहवान किया है। बैठक में वरूण दहिया, प्रदीप किल्हौडा, योगेंद्र पतला आदि मौजूद रहे।

## पांच जोन में निगम बनाएगा वेस्ट टू वंडर पार्क, तेज होगी रीसाइकिल अभियान की रफ्तार

### पार्कों को सुसज्जित करने में वेस्ट का होगा उपयोग, जन-जन की बढ़ेगी रुचि : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है जिसके क्रम में स्वास्थ्य तथा उद्यान विभाग के साथ शहर में अधिक से अधिक वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है, जिस प्रकार गाजियाबाद की सिटी जोन कंपनी बाग में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया गया है जिसमें खराब टायर, खराब बोतल अन्य वेस्ट से पार्क को सुसज्जित तथा सुव्यवस्थित बनाया गया है। इसी प्रकार शहर के पांचों जोन में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं जिसके लिए जन-जन को जागरूक करने के लिए भी कार्यवाही चल रही है। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को प्रथम चरण में शहर के पांचों जोन से एक-एक पार्क लेकर उसमें तैयारी करने के लिए कहा गया है, जोनल प्रभारी को भी अपने क्षेत्र में वेस्ट टू वंडर पार्क तैयार करने के लिए जनसंपर्क स्थापित करने तथा सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार के प्रयास के बारे में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वेस्ट टू वंडर पार्क से जहां घरेलू वेस्ट सामान का पार्क में उपयोग होगा तथा उसके उपयोग होने से वहां के क्षेत्र वासियों रुचि भी बढ़ेगी अपनी सहभागिता वेस्ट टू वंडर पार्क को सुसज्जित करने में आगे आएंगे, कई सामाजिक संस्थाएं तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी एकजुट होकर वेस्ट टू वंडर पार्क जैसे अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।



## घड़ी कारोबारी की गाड़ी से 10 लाख कैश बरामद, पुलिस ने आयोग को भेजी सूचना

### हिंडन एयर फोर्स स्टेशन के पास बैरियर चेकिंग में मिली सफलता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चलाए जा रहे फ्लाइंग स्क्वायड चेकिंग अभियान के तहत साहिबाबाद पुलिस को एक सफलता हासिल हुई है। साहिबाबाद पुलिस ने हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पुलिस चौकी की बैरियर चेकिंग में एक हरियाणा नंबर की वैगनआर कार को रोक। रोककर उसमें जांच की तो उसमें विश्वास जायसवाल निवासी दिल्ली और उनका चालक बॉबी मौजूद थे। गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें 10 लाख रुपए कैश निकला बताया जा रहा है। विश्वास जायसवाल घड़ी कारोबारी हैं। उनसे जब कैश के संबंध में जानकारी हासिल की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने पैसा जब्त करते हुए चुनाव आयोग को यह सूचना भेज दी है। बताया जा रहा है कि यह सफलता रात्रि कालीन चेकिंग के दौरान एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय और उनकी टीम को मिली है।

> "चुनाव को लेकर लगातार पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। जिसके तहत साहिबाबाद पुलिस को यह सफलता मिली है। ट्रांस हिंडन के प्रत्येक थानाक्षेत्र में एसीपी के नेतृत्व में प्रतिदिन यह अभियान चलाया जा रहा है।
> **निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन**





#### लगातार ट्रांस हिंडन में पकड़ा जा रहा है कैश

**करंट क्राइम :** 28 मार्च से गाजियाबाद में चुनाव को लेकर सरगर्मी और प्रशासनिक कार्य शुरू हो गया था। आचार संहिता की घोषणा इससे पहले ही हो गई थी, तब से लेकर अब तक ट्रांस हिंडन जोन पुलिस द्वारा कई बड़ी सफलता कैश को लेकर हासिल की गई है। बीते दिनों जहां शालीमार गार्डन पुलिस ने सफलता हासिल की थी, तो साहिबाबाद पुलिस ने भी सफलता हासिल की है।

## संपादकीय

# युद्ध फैलने का खतरा

ईरान की ओर से शनिवार देर रात इजरायल पर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों ने छह महीने से गाजा में जारी इजरायल-हमास युद्ध के और फैलने का गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। पहले ही दो युद्धों के प्रभावों से बेहाल दुनिया के लिए अब यह सबसे बड़ा सवाल है कि इजरायल इस हमले के जवाब में क्या और कैसा कदम उठाता है।

**ईरान का बदला :** हालांकि ईरान ने अपने कदम को आत्मरक्षा की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि यह दमिश्क में उसके दूतावास पर हुए हमले का जवाब है। ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र को बताया है कि इस कार्रवाई के बाद उसकी तरफ से मामले को खत्म माना जा सकता है, लेकिन अगर इजरायल ने फिर कोई गलती की तो नतीजे इससे भी गंभीर होंगे।

**इजरायली रुख :** हमले से ठीक पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने अपना यह सिद्धांत घोषित किया था कि ह्यजो हमें नुकसान पहुंचाएगा उसे हम नुकसान पहुंचाएंगे। वैसे भी ईरान की प्रतिक्रिया को अपेक्षा से ज्यादा सख्त माना जा रहा है। ऐसे में इजरायल अपनी जमीन पर सीधे हमले की ईरानी कार्रवाई को चुपचाप स्वीकार कर लेगा, इसके आसार नहीं दिखते।

**अमेरिका की प्रतिक्रिया :** लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए जरा सी असावधानी दुनिया को बहुत बड़े संकट में धकेल सकती है। लिहाजा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल की आत्मरक्षा के सवाल पर हर तरह के सहयोग का वादा करते हुए भी यह साफ कर दिया है कि उसकी ओर से की जाने वाली किसी आक्रामक कार्रवाई में वह साथ नहीं देंगे।

**भारत की दुविधा :** भारत के लिए यह स्थिति खास तौर पर असमंजस पैदा करने वाली है। इजरायल और ईरान दोनों से ही उसके बहुत अच्छे और करीबी रिश्ते रहे हैं। मिसाइल हमले से एक दिन पहले ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य में इजरायल से जुड़े जिस कार्गो शिप पर कब्जा किया, उसमें 17 भारतीय नागरिक भी हैं। इसलिए भारत की पहली चुनौती इन भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें छुड़ाने की बन गई है।

**साइड इफेक्ट :** मगर जिस तरह के तनावपूर्ण हालात इजरायल और ईरान के बीच बन गए हैं, उसके साइड इफेक्ट भी कम गंभीर नहीं होने वाले। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पहले ही 90 डॉलर पार कर चुकी है। यह 100 डॉलर से ऊपर पहुंच सकती है। इसका सीधा प्रभाव महंगाई पर दिखेगा। ग्लोबल सप्लाई चेन भी इससे प्रभावित होगी। लाल सागर रूट पहले ही हूती विद्रोहियों की कार्रवाई के चलते बाधित है। अब होरमुज जलडमरूमध्य में भी हालात प्रतिकूल होते दिख रहे हैं। यही नहीं यूरोप आने जाने का हवाई किराया भी बढ़ने के आसार हैं क्योंकि फ्लाइट आवर्स बढ़ जाएंगे। साफ है कि भारत समेत तमाम देशों के हक में जरूरी है कि हालात को बेकाबू न होने दिया जाए।

# वंदे भारत ट्रेन के लिए मिला ऑर्डर, 700 रुपये के पार पहुंचा यह मल्टीबैगर शेयर

**नई दिल्ली।** मल्टीबैगर स्टॉक रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयरों में सोमवार को अच्छी तेजी देखने को मिली है। रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयर सोमवार को 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 709.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेजी वंदे भारत ट्रेन सेट के लिए एक बड़ा ऑर्डर मिलने की वजह से आई है। रामकृष्ण फोर्जिंग्स को मिला यह ऑर्डर 270 करोड़ रुपये का है। कंपनी को इस ऑर्डर की सप्लाई भेल-टीटागढ़ कंसोर्शियम को करनी है।



**स्लीपर वंदे भारत ट्रेन के लिए है ऑर्डर**

रोल्ड, फोर्ज्ड और मशीन्ड प्रॉडक्ट्स की सप्लाई करने वाली कंपनी रामकृष्ण फोर्जिंग्स ने बताया है कि यह ऑर्डर वंदे भारत ट्रेन के स्लीपर वर्जन के लिए बोगी फ्रेम के डिवेलपमेंट और वैलिडेशन से जुड़ा है। यह ऑर्डर 32 ट्रेन सेट्स के लिए है। प्रत्येक ट्रेन सेट में 16 कोच होंगे। इस तरह, रामकृष्ण फोर्जिंग्स टोटल 1024 बोगी फ्रेम्स तैयार करेगी। रामकृष्ण फोर्जिंग्स के होल टाइम डायरेक्टर और सीएफओ ललित कुमार खेतान का कहना है कि यह अहम और प्रतिष्ठित ऑर्डर, एक्सीलेंस और इनोवेटिव अप्रोच को लेकर हमारी लगातार कोशिश की तरफ इशारा करता है। हम केंद्र सरकार के 'मेक इन इंडिया' इनीशिएटिव को सपोर्ट करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

**1 साल में 127% से ज्यादा चढ़ गए कंपनी के शेयर**

रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयरों में पिछले एक साल में 127 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 309.85 रुपये पर थे। रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 709.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 1540 पर्सेंट की जबरदस्त तेजी आई है।

रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयर 17 अप्रैल 2020 को 43 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 709.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 814.95 रुपये है। वहीं, रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 292 रुपये है।

# 27 हजार से टूटकर 11 पर आया यह शेयर, ट्रेडिंग हुई बंद

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की दिवालिया कंपनी- रिलायंस कैपिटल से जुड़े मामले में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने एक ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटर पर कुल 4.5 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। मामला 2018-19 में रिलायंस कैपिटल की वित्तीय स्थिति की ऑडिटिंग में कथित खामियों से जुड़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 के रिलायंस कैपिटल के वैधानिक ऑडिट के लिए झा एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) थे और शाह एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू (ईक्यूसीआर) पार्टनर थे। कंपनी का 2018-19 में प्राइस वॉटरहाउस एंड को. एलएलपी (पीडब्ल्यू) और पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स द्वारा संयुक्त रूप से ऑडिट किया गया था। एनएफआरए ने 12 अप्रैल के आदेश में कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और अन्य संयुक्त लेखा परीक्षक (पीडब्ल्यू) द्वारा इस्तीफे के




बावजूद लेखा परीक्षकों ने ऑडिटिंग के मानकों (एसए) के तहत पर्याप्त प्रक्रियाएं पूरी नहीं की। पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स पर तीन करोड़ रुपये, परिमल कुमार झा पर एक करोड़ रुपये और विशाल डी शाह पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा झा और शाह पर ऑडिट से जुड़े काम करने पर क्रमशः 10 साल और पांच साल की रोक लगा दी गई है। हिंदुजा समूह ने किया है अधिग्रहण भारी कर्ज की वजह से अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के स्वामित्व में बदलाव हुआ है।

# भूचाल के बावजूद इस पावर शेयर पर टूटे निवेशक, एक्सपर्ट बोले- 2150 तक जाएगा भाव

**नई दिल्ली।** बाजार में बड़ी गिरावट के बीच पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी-वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों पर निवेशक टूट पड़े। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर 5 प्रतिशत उछलकर एक साल के उच्चतम मूल्य 2,071.05 रुपये पर पहुंच गया। इस भाव पर शेयर में 47 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने शेयर को 5:1 के अनुपात में स्प्लिट का ऐलान किया था। स्टॉक एक्सचेंज की निगरानी स्टॉक एक्सचेंज- बीएसई और एनएसई ने वारी रिन्यूएबल टेक की सिक्योरिटीज को लॉन्ग टर्म एएसएम (अतिरिक्त निगरानी



उपाय) स्ट्रक्चर के तहत रखा है। बता दें कि निवेशकों को शेयर की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बारे में सावधान करने के लिए स्टॉक एक्सचेंज, शेयरों को शॉर्ट या लॉन्ग टर्म एएसएम स्ट्रक्चर में डालते हैं। एक्सपर्ट का टारगेट प्राइस रेलिगेयर ब्रोकिंग के रवि सिंह ने कहा कि वारी रिन्यूएबल का स्टॉक अभी भी डेली चार्ट पर मजबूत दिख रहा है। उन्होंने कहा कि शार्ट टर्म का टारगेट प्राइस 2150 रुपये होगा। वहीं, इसके लिए स्टॉप लॉस 2000 रुपये पर रखने की सलाह दी गई है। प्रभुदास लीलाधर के शिजू कूथुपालक्कल ने कहा- इस शेयर पर सतर्क रहना चाहिए क्योंकि चार्ट पैटर्न लोअर सर्किट की सीरीज के साथ-साथ एक बार थकावट आने पर अनियमित चाल दिखाता है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न क्या है दिसंबर 2023 तक प्रमोटरों के पास स्मॉल-कैप बिजली उत्पादन फर्म वारी रिन्यूएबल में 74.46 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसी तरह, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25.54 फीसदी की थी। कंपनी ने जनवरी से मार्च तिमाही के लिए शेयरहोल्डिंग पैटर्न की जानकारी नहीं दी है।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में उत्तम सफलता के योग बनेंगे और मन लगाकर काम करेंगे। काम में अच्छे नतीजे देने वाला होगा।

**वृष :** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन :** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी-बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ेगी।

**कर्क :** आज आप अपने घर परिवार को अच्छा समय देंगे। घरेलू खर्च पर भी आपका ध्यान रहेगा। कुछ चैलेंज सामने आएंगे, जिनका आप अच्छे से सामना करेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। सोचे हुए काम को पूरा करने में थोड़ा टाइम लग सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या :** कारोबार बढ़ेगा निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं।

**तुला :** आज का दिन मान सामान्य रहने वाला है। आप हर काम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश करेंगे और आप का मन भी लगेगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है।

**धनु :** रोजमर्रा के काम पूरे होने के योग हैं। आपके काम बनते चले जाएंगे। सोच-समझकर फैसले लेने से ही फायदा हो सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। सेहत के प्रति जो लापरवाही बढ़ती है, आज उसकी वजह से आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी काम करनें की सोचेंगे, उसमें सफलता मिलेगी।

**मीन :** बिजनेस न बढ़ाएं तो ही अच्छा है। जो जैसा चल रहा है चलने दें। महंगी चीजों की खरीदारी हो सकती है। कोई नया और बड़ा डिसीजन न लें तो ही अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

पंडित जी ने कुंडली मिलाई
36 के 36 गुण मिल गए।
लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान हो कर पूछने लगे।
जब सारे गुण मिलते है तो आप
मना क्यों कर रहे हैं?
लड़के वाले- हमारा लड़का बिलकुल निकम्मा है।
अब क्या बहू भी उस जैसी ले आये क्या ?

टीचर- चांद पर पहला कदम किसने रखा?
गोलू- नील आर्मस्ट्रांग ने।
टीचर- और दूसरा?
गोलू- दूसरा भी उसी ने रखा होगा...लंगड़ी खेलने
थोड़े ही गया होगा।

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर
जाये तो हंसी निकल जाती है
और मोबाइल गिर जाये तो
जान निकल जाती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

# 11 के शेयर ने दिया 6000% रिटर्न, 5000 करोड़ फंड जुटा रही कंपनी



**नई दिल्ली।** कई ऐसे पेनी शेयर हैं जिन्होंने पिछले तीन साल में निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक पेनी शेयर- लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी (एलएमई) है। इस शेयर ने पिछले 3 वर्षों में अपने निवेशकों को कई गुना रिटर्न दिया है। इस अवधि में शेयर ने 11 रुपये से 670 रुपये से ज्यादा के स्तर को टच कर लिया है।

**11 थी शेयर की कीमत**

मार्च 2021 के दौरान लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी के शेयर की कीमत11 थी। यह शेयर वर्तमान में 702 पर है। पिछले 1 वर्ष में यह शेयर 284.70 के स्तर से 136 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पिछले सप्ताह 12 अप्रैल, 2024 को यह शेयर 710.50 के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 25 अप्रैल, 2023 को यह शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर 277.40 से 156 प्रतिशत अधिक रिटर्न दे चुका है। हालांकि, 2024 साल-दर-तारीख (YTD) में शेयर में केवल 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस शेयर ने साल के अब तक के 4 में से 3 महीनों में पॉजिटिव रिटर्न दिया है। फरवरी में 5.3 प्रतिशत की बढ़त के बाद अप्रैल में शेयर अब तक 11 प्रतिशत उछल चुका है। इस बीच, जनवरी 2024 में इसमें 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई।

**कंपनी के बारे में**

लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड भारत में स्पंज आयरन उत्पाद बनाती और बेचती है। कंपनी तीन कैटेगरी- स्पंज आयरन, पावर और माइनिंग में काम करती है। कंपनी बिजली उत्पादन और वितरण में शामिल है। लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड की स्थापना 1977 में हुई थी और यह मुंबई, भारत में स्थित है।

**5000 करोड़ जुटाने पर विचार**

पिछले महीने लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी के बोर्ड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 5000 करोड़ तक की रकम जुटाने पर विचार किया और मंजूरी दी। लॉयड्स मेटल्स यह धनराशि एक या अधिक किस्तों में जुटाएगी। बता दें कि दिसंबर तिमाही तक लॉयड्स मेटल्स के प्रमोटरों के पास कंपनी में 65.7 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

**कंपनी के तिमाही नतीजे**

दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 331 करोड़ का प्रॉफिट कमाया, जो दिसंबर 2022 को समाप्त पिछली तिमाही के दौरान 230 करोड़ से 44 प्रतिशत अधिक था। हालांकि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी का राजस्व 1910 करोड़ से अधिक हो गया। पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 999 करोड़ के मुकाबले 91 प्रतिशत है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
नोएडा
नई दिल्ली, मंगलवार
16 अप्रैल-2024
05




# छोटे केस में गिरफ्तार आरोपी बना कुख्यात अपराधी, निकला बीवी और मासूम बेटी का कातिल



नोएडा। एक कहावत छोटी सी चीज कब बड़ी बन जाए, कुछ पता नहीं चलता और यह कहावत अपराधियों पर भी साबित होती है। ऐसा ही एक मामला ग्रेटर नोएडा में देखने को मिला है। जहां पर पुलिस ने एक मामूली से केस में आरोपी को गिरफ्तार किया था, लेकिन जब उसकी जांच की गई तो पुलिस के भी होश उड़ गए। वह आरोपी तो कुख्यात हत्यारा निकला। उसने अपनी ही पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या कर दी थी। यह मामला राजस्थान और ग्रेटर नोएडा दोनों से जुड़ा हुआ है।

## कैसे हुई आरोपी की गिरफ्तारी

ईकोटेक-तीन थाना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने मनोज पाल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मनोज पाल के कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ था। सर्विलांस और लोकल इंटेलीजेंस के आधार पर पुलिस ने मनोज पाल को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में जांच की गई और मनोज पाल का आपराधिक इतिहास निकल गया। जब उसका आपराधिक इतिहास निकल गया तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। फिर काफी सख्ती के साथ मनोज पाल से पूछताछ हुई। जिसमें हैरान करने वाली बात सामने आई।

## मनोज पाल वर्ष 2019 में किया था अपराध

मनोज पाल ने वर्ष 2019 में अपनी पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या कर दी थी। वह राजस्थान के फलौदी के पास रहकर एक पाइप फैक्ट्री में काम करता था। आरोपी ने शक के आधार पर नवंबर 2019 में अपनी पत्नी और करीब 2 महीने की बच्ची की गला दबा के हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद दोनों के शव को फैक्ट्री के पीछे दबा दिया था। उस मामले में राजस्थान पुलिस ने मुकदमा संख्या 452 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। आरोपी तभी से फरार चल रहा था। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने आरोपी के ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम रखा।

## कुलेसरा गांव में पहचान छुपाकर रह रहा था बीवी का हत्यारा

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अपनी पहचान छुपाकर इधर-उधर रह रहा था। पुलिस ने ईकोटेक-तीन थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलेसरा गांव में आरोपी को गिरफ्तार किया। वह अपनी मौसेरी बहन के कमरे में रह रहा था। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूरे मामले की रिपोर्ट राजस्थान पुलिस को भी भेजी जाएगी। बताया जा रहा है कि इस मामले में राजस्थान पुलिस ने रिमांड लेने के लिए जिला न्यायालय में रिपोर्ट भेजी है।

# 8 हजार ट्रांसफार्मरों से सुधरेगी शहर की बिजली व्यवस्था, वर्कशॉप में मरम्मत का काम भी हुआ तेज

नोएडा। इस गर्मी शहर में आठ हजार ट्रांसफार्मर से बिजली व्यवस्था सुधरेगी। इसके लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम ने करीब आठ हजार छोटे-बड़े ट्रांसफार्मरों का स्टॉक तैयार कर लिया है। इसके अलावा वर्कशॉप में मरम्मत कार्य भी तेज कर दिया गया है। ताकि लोगों को गर्मी में बिजली कटौती की समस्या से राहत मिल सके।

## नोएडा में 100 से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में खराबी

पिछले सीजन में नोएडा जोन में बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर भी गहरा असर पड़ा था। अकेले नोएडा जोन में ट्रांसफार्मर खराब होने की 100 से ज्यादा शिकायतें मिली। इन ट्रांसफार्मरों को बदलने में नोएडा जोन में तैनात बिजली निगम के अधिकारियों के पसीने छूट गए। कई सेक्टरों में दिन-रात बिजली गुल रही। इस बार भी नोएडा जोन में



बिजली की मांग 1500 मेगावाट से ज्यादा पहुंच गई है।

## शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने सभी जोन के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति पर नजर रखने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी हालत में बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। अगर फिर भी शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## नाम बड़े और दर्शन छोटे

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में समस्या ही समस्या लिफ्ट खराब लोगों का सीढ़ियां चढ़ कर दम-बेदम

ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम। नाम बड़े और दर्शन छोटे को सार्थक करता ग्रेटर नोएडा। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित विक्ट्री सेंट्रल वन हाउसिंग सोसाइटी में बीती देर रात से लिफ्ट की समस्या है। लोगों का बुरा हाल है, इस सोसाइटी के रहने वालों का




कहना है कि 19वीं मंजिल से नीचे जाने के लिए और नीचे से 19वीं मंजिल तक चढ़ने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि एक छोटी बच्ची स्कूल की ड्रेस में 19वीं मंजिल से नीचे आ रही है। इस मामले में बिल्डर की तरफ से घोर लापरवाही बरती जा रही है।

## निवासियों ने बिल्डर और प्राधिकरण पर गंभीर आरोप लगाए

निवासियों ने बिल्डर और प्राधिकरण पर गंभीर आरोप लगाए हैं सोसाइटी के जी-टावर में रात करीब 12:00 बजे से लिफ्ट नहीं चल रही है। इसकी शिकायत मेंटेनेंस डिपार्टमेंट और लिफ्ट संबंधित कंपनी को भी दी गई, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब 1:00 बजे तक लिफ्ट की समस्या ठीक नहीं हुई, जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टॉप फ्लोर 19वीं मंजिल से नीचे आने वाले लोगों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके अलावा स्कूली बच्चों को भी सीढ़ियों की मदद से ऊपर और नीचे आना पड़ रहा है।

## 350 से ज्यादा परिवार परेशान

सोसाइटी में इस समय 350 से ज्यादा परिवार रहते हैं और सोसाइटी में 18 टावर है। सभी टावर 19-19 मंजिल के हैं और सभी टावर में एक ही लिफ्ट है। अगर अकेली लिफ्ट ही खराब हो जाए तो हालत खराब हो जाती है। इस मामले में यूपी रेरा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और जिलाधिकारी को शिकायत दी गई। लेकिन कोई भी हमारी समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में असमंजस की स्थिति है कि हम वोट किसे दें?

# नोएडा के सरकारी अस्पताल में मिलेगी प्राइवेट की तरह सुविधा

नोएडा। प्राइवेट अस्पतालों की तरह ग्रेटर नोएडा के कासना में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) अस्पताल में मरीज को सुविधा दी जाएगी। फैसला लिया गया है कि जिम्स अस्पताल के पैथोलॉजी लैब में जांच करवाने वाले मरीजों को उनके मोबाइल पर ही रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे भीड़ भी कम होगी और मरीजों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रोजाना 2000 से अधिक मरीज रवाते हैं जांच

जिम्स अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि अस्पताल में रोजाना करीब 2000 से अधिक मरीज पैथोलॉजी लैब में अपनी जांच करवाने के लिए आते हैं। इसकी वजह से काफी भीड़ बढ़ जाती है। लोग लंबी लाइन में लगते हैं। जांच करवाने के बाद रिपोर्ट लेने के लिए भी मरीज को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## लाइन का झंझट खत्म होगा

उन्होंने बताया कि मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए लंबे समय तक बैठना पड़ जाता है, उसके बाद उनका नंबर आता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए अब नया फैसला लिया गया है। अब मरीजों को उनके मोबाइल पर ही रिपोर्ट मिल जाएगी। संस्था के द्वारा ऑनलाइन सुविधा दी जाएगी। इससे मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन रिपोर्ट लेने के लिए एक से दो दिन का समय लगेगा।



# नोएडा अजयपाल सुसाइड केस : मां-बेटे समेत 6 पर एफआईआर, मौत के चार महीने बाद आया नया ट्विस्ट




ग्रेटर नोएडा। फेस-2 थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने करीब 4 महीने पहले सुसाइड कर लिया था। उस मामले में अब नया मोड आया है। मृतक के भाई ने कोर्ट के आधार पर दो महिला समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित का कहना है कि इन 6 लोगों ने उसके भाई को सुसाइड करने के लिए उकसाया था। फेस-2 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कब किया था सुसाइड

मृतक के भाई रामवीर निवासी बदायूं गांव रफ्तपुर ने बताया कि उसके भाई ने बीते 23 दिसंबर 2023 को भंगेल में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। उसको जब सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले को पुलिस ने सुसाइड बताया और कोई कार्रवाई नहीं की थी।

## दो महिलाएं समेत इन 6 पर एफआईआर

पीड़ित ने बताया कि पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर वह कोर्ट चले गए। अब कोर्ट ने शिकायत के आधार पर फेस-2 थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में सतवीर पिता राम भरोसे, भूरे पिता राम भरोसे, अर्जुन पिता राम भरोसे, बाला पति राम भरोसे, किशनपाल पिता महेंद्र और मीना पिता किशनपाल पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

## मृतक के भाई ने लगाए यह आरोप

पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा है कि इन लोगों ने उनके भाई अजय पाल से करीब चार लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने वापस नहीं चुकाया था। जब अजय पाल ने वापस मांगे थे तो उसके साथ मारपीट की थी। अजय पाल को डर था कि पैसे वापस मांगने पर उसको जान से मरवा सकते हैं। आरोप है कि इस बात से हुए परेशान होकर अजय पाल ने आत्महत्या कर ली। इन्हीं आरोपों को ध्यान रखते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भंगेल मार्केट में गाड़ी से जब्त किया कैश, आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर नोएडा पुलिस की नजर



ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव कराने के चलते अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए है। ऐसे में नोएडा में कैश पकड़ने का सिलसिला अभी भी जारी है। ऐसे में अब पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान आज फेस-2 थाना क्षेत्र के भंगेल मार्केट में एक ब्रेजा गाड़ी से 3 लाख रुपये बरामद किये है।

## गाड़ी में रखे कैश को किया जब्त

मिली जानकारी के मुताबिक, फेस-2 थाना क्षेत्र के भंगेल मार्केट में पीले रंग की ब्रेजा कार संदिग्ध पायी गयी जब उसे चेक किया तो उसमें से 3 लाख रुपये पाए गए। कार दिल्ली के नंबर प्लेट की थी। पूछताछ की गयी तो गाड़ी के मालिक ने बताया कि वह जनकपुरी दिल्ली का रहने वाला है। जब उससे पैसों के बारे में पूछा गया तो वह कुछ बता नहीं पा रहा था। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी में रखे कैश को जब्त कर लिया है और कार्रवाई की जा रही है।

## उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

गौतमबुद्ध नगर जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह दोनों ही निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर तैयारी में लगे हुए हैं। अधिकारियों को कहना है कि जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करेगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# सेक्टर-126 के कारण बदनाम हुआ नोएडा : 30 दिनों में 20 से ज्यादा घटनाएं

नोएडा। पिछले कुछ दिनों के दौरान नोएडा में मारपीट, लूट और क्राइम की काफी वीडियो वायरल हुई हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 30 दिनों में कानून-व्यवस्था की पोल खुलती हुई नजर आ रही है। अधिकतर वीडियो मारपीट और लूट की हैं। इसके बाद ऐसा लगने लगा है कि मारपीट और क्राइम रोकने में नोएडा पुलिस नाकाम साबित हो रही है। वहीं, ऐसा भी कहा जा रहा है कि सेक्टर-126 की वजह से नोएडा बदनाम हो चुका है। क्योंकि सबसे ज्यादा मारपीट और विवाद की वीडियो सेक्टर-126 से ही आती हैं।

## घटना के कई दिनों बाद पुलिस को मिलती है खबर

ताजा वीडियो सेक्टर-126 थाना क्षेत्र अंतर्गत एमिटी यूनिवर्सिटी के पास का है। जहां पर फॉर्च्यूनर कार में सवार युवक की गुंडों ने जमकर मारपीट की। हालांकि, उस मामले में भी पुलिस की लापरवाही सामने आई। क्योंकि मारपीट के 6 दिन बाद पुलिस



को घटना के बारे में पता चला और सातवें दिन पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## पुलिस पर एक और बड़ा सवाल

एक और बड़ी बात यह है कि वीडियो में चार लोग दिखाई दे रहे हैं, जो एक युवक पर हमला कर रहे हैं। उसके ऊपर लात-घूंसे बरसा रहे हैं। इसका वीडियो वायरल होने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जबकि वीडियो में चार लोग दिखाई दे रहे थे।

## मारपीट, स्टंटबाजी, लूट और विवाद के मामले बढ़े

जिस दिन एमिटी यूनिवर्सिटी के पास मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। उसी दिन शहर में एक लूट की घटना हुई थी। बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन लूट ली थी।

पिछले कुछ दिनों के दौरान गौतमबुद्ध नगर जिले में करीब 20 वीडियो सामने आई है। जिसमें मारपीट, स्टंटबाजी, लूट और विवाद के केस देखने को मिल रहे हैं।

# नोएडा के बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे करेंगे मतदान, 20 टीम गठित

नोएडा। नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्ग आज (सोमवार) और कल (मंगलवार) पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेंगे। इसमें वह लोग आएंगे जो 85 वर्ष से अधिक उम्र के है या 40 प्रतिशत दिव्यांग है। तीनों विधानसभा में 706 बुजुर्ग और 442 दिव्यांगों ने ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की स्वीकृति दी है। जिले में बुजुर्ग वोटरों की संख्या 11488 और दिव्यांग मतदाता 9562 हैं। ऐसे में पोस्ट बैलेट से वोट देने का आंकड़ा काफी कम है। मतदाता सुबह 7 बजे से मतदान करना शुरू करेंगे जो शाम 6 बजे तक चलेगा।

## 15 और 16 अप्रैल को करेंगे वोट

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर पांच विधानसभा है। खुर्जा, सिकंदराबाद बुलंदशहर में आती है जिन पर 13 और 14 अप्रैल को मतदान कराया जा चुका है। अब 15 और 16 अप्रैल को नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग वोट डालेंगे। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और उनकी पूरी टीम ने तैयारी शुरू क्र दी है। आज मतदान का पहले दिन है। नोएडा, जेवर और दादरी में पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न कराने के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है।



| विधानसभा क्षेत्र | बुजुर्ग मतदाता | दिव्यांग मतदाता |
|---|---|---|
| नोएडा | 4272 | 3799 |
| जेवर | 3185 | 2265 |
| दादरी | 4031 | 3498 |

## 20 टीम मतदान करेंगी मदद

जिले में पोस्टल बैलेट से चुनाव संपन्न कराने के लिए 20 टीमों का गठन किया गया है। मतदाता कर्मियों को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं तक पहुंचाने का काम बीएलओ के साथ लेखपाल का होगा। बुजुर्ग और दिव्यांगों के मतदान करने के दौरान निर्वाचन विभाग विडियोग्राफी भी कराएगा। मतदान करने के बाद मतदाता पोस्टल बैलेट को लिफाफे में बंद करके मतदानकर्मी को सौंपेंगे। इसके बाद मतदानकर्मी पोस्टल बैलेट को ट्रेजरी के स्ट्रॉन्ग रूम में रख देंगे।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध और रियल एस्टेट पर सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन

नोएडा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ ने 10 से 13 अप्रैल 2024 तक कानून के अपने सभी छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध और रियल एस्टेट पर एक क्रेडिट सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया। सर्टिफिकेट कोर्स डायरेक्टर ऑपरेशंस आराधना गलगोटिया की पहल थी। जिनके लॉ स्कूल के प्रति अटूट समर्थन ने लॉ स्कूल के छात्रों को हमेशा कई महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किए हैं। रिसोर्स पर्सन संजा नोवोस्लेइक का स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ.नरेश कुमार वत्स ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## उत्साहित दिखे छात्र

लॉ स्कूल के सभी शिक्षक, छात्र उनके मार्गदर्शन में भाग लेने और सीखने के लिए उत्साहित थे। सजना एक



अंतरराष्ट्रीय वकील हैं, जिनके पास मुख्य रूप से रियल एस्टेट और बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में अनुबंध प्रारूपण में विशेषज्ञता है। वह घरेलू और सीमा पार लेनदेन दोनों में ग्राहकों की सहायता करती है, वर्तमान में एक बहुत ही सफल प्रैक्टिसिंग वकील है। अपने व्याख्यानों में उन्होंने छात्रों को एक अनुबंध बनाने और उसमें मुकदमेबाजी की प्रकृति के बारे में जटिल विवरणों का ज्ञान दिया। शेयर डील, पूर्ण परिश्रम और रियल एस्टेट पर कानून के कार्यान्वयन में लागू देश की स्थिति जैसी अवधारणा पाठ्यक्रम में चर्चा की गई कुछ प्रमुख अवधारणा थीं। इस कार्यक्रम ने यह तर्क भी विकसित किया कि मध्यस्थता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रियल एस्टेट से संबंधित मामलों को हल करने के लिए एक सकारात्मक तंत्र है। उन्नत कानूनी प्रावधानों पर आगे बढ़ने से पहले छात्रों द्वारा सीखी गई बातों को याद रखने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए नियमित बातचीत और मूल्यांकन आयोजित किया गया।

इस सर्टिफिकेट कोर्स ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी में कानून के छात्रों के लिए करियर विकास की अपनी खोज को समझने, आगे बढ़ाने के लिए एक नई श्रृंखला और दिशा खोली है। सर्टिफिकेट कोर्स सीखी गई अवधारणाओं के मूल्यांकन और छात्रों के झुकाव परिणामों में उत्सुकता से भाग लेने के साथ समाप्त हुआ। पाठ्यक्रम का समापन कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ.नमिता सिंह मलिक के साथ प्रोफेसर, एसओएल और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम के समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। छात्र अल्पावधि पाठ्यक्रम से प्राप्त समृद्ध शिक्षा से गहराई से संतुष्ट थे।

# राज्यसभा सांसद व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ने एनजीओ संवाद सम्मेलन में किया सीधा संवाद

## स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तिकरण के नये आयाम स्थापित किये: गीता शाक्य

● जिस क्षेत्र में कोई विकास कराने नहीं पहुंचा, वहां गैरसरकारी संगठनों ने किये विकास कार्य






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्यसभा सांसद व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तिकरण के नये आयाम स्थापित किये हैं। उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर 11 एनजीओ पंजीकृत हैं, जिनमें अधिकांश पिछले कुछ सालों से महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे स्वयं सहायता समूह शामिल हैं। करीब 2500 हजार एनजीओ महिलाएं चला रही हैं और इनके उत्पादों की भारी मांग है।

सांसद गीता शाक्य रविवार को यहां दीनदयाल उपाध्याय सभागार में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ से कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित एनजीओ संवाद सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिलाओं के सलाह दी कि वे पोर्टल पर अपने उत्पाद, लागत व गुणवत्ता का विवरण अवश्य दें। इससे देश भर से ही विदेशों से भी उनके उत्पादों की ऑनलाइन मांग हो सकती है। इससे उनके एनजीओ का नाम व काम बढ़ने से उनको आमदनी भी अधिक होगी।

### उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर 11 हजार एनजीओ पंजीकृत होना महिला स्वावलंबन का जीता-जागता उदाहरण

### कार्यक्रम में 109 एनजीओ व उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया

**करंट क्राइम।** इससे पूर्व गाजियाबाद भाजपा महानगर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि सांसद व प्रदेशाध्यक्ष गीता शाक्य का भव्य स्वागत किया गया। इनके अलावा दर्जनों एनजीओ के संचालकों ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र सिंह ने किया। एनजीओ संवाद सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की संयोजक डॉ. उदिता त्यागी, विनोद त्यागी, संदीप त्यागी रस्म, बीएल बत्रा एडवोकेट, महिला मोर्चा की महामंत्री रेनू चंदेला, भक्ति सिंह, डॉ पोद्दार, अरुण त्यागी, नरेन्द्र गुप्ता, किरन सिंह, राकेश गुप्ता, सुनील कुमार मिश्रा, आर के पचौरी, संजीव तेवतिया, ओपी गुप्ता, नीलम, सुमन सती, दीप्ति, दीपशिखा, रजनी तोमर, अंजू उपाध्याय उपस्थित थीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं में सुरक्षा की भावना होने से गांवों की महिलाएं घर से बाहर निकलकर काम करने लगी हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की मांग बढ़ने से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरी है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है।




### कार वालों ने जब उधार को लेकर घेर लिया लोकसभा उम्मीदवार

चुनावी आंधी का असर कुछ ऐसा है कि खर्चे के टाइम पर पर्चे भरने वाले गांधी जेब से निकाल नही रहे हैं। सीन तो ये है कि वो किसी तरह एक एक दिन करके दिन निकाल रहे हैं। एक उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर कुछ ज्यादा ही किल्लत चल रही हैं और अब प्रचार में लगे लोगो को लगने लगा है कि पहले अपना भुगतान लो बाद में कहीं नुकसान ना हो जाये। चुनाव प्रचार के लिये एक उम्मीदवार ने कई कार किराये पर ली है। अब कार वालों को प्रचार से क्या मतलब और वो चुनावी बाजार में तो कतई उधार नही देना चाहते। इधर उम्मीदवार का ब्रदर भुगतान के लिये कार वालों को नई डेट दे रहा था। कार वाले इस बात से अपसेट हो गये और उन्होने चुनाव कार्यालय पर ही उम्मीदवार को घेर लिया। सीधी बात नो भाषण वाले अंदाज में कह दिया नो प्रचार नो उम्मीदवार पहले चुकाओ हमारा उधार। सुना है कि फजीहत के बाद आधा भुगतान ऑन द स्पाट हुआ, आधे भुगतान का वादा हुआ तब जाकर तय हुआ कि कार प्रचार में आयेगी।

### हमें नही पता था कि वो पॉवर में आते ही हमें ही देगें करंट का झटका

वैसे तो ये होता है कि चुनाव पास हो तो कई फैसले समेट लिये जाते हैं लेकिन भगवा गढ़ में चुनाव पास हो तो सरकार वालों के नोटिस बाजार वालों के पास जरूर पहुंच जाते हैं। विधानसभा का चुनाव था तो दुकानो के नोटिस और लोकसभा का है तो फिर नोटिस। अपने अपने हिस्से का दुख फूल के फुल सपोर्टर ही सुना रहे थे और किस्से के हिस्से में फ्लावर वालों के फायर ब्रांड फेस की गली का किस्सा आ गया। किस्से में फूल वालों की गली और गली में रहने वालों का जनरेटर आ गया। बताया कि हम तो नेबर हैं मगर उसने तो हमारा भी फेवर ना किया। पूरे शहर में उसे हमारा ही जेनरेटर दिखाई दिया। आप तो दुकानों के नोटिस की बात कर रहे हो उसने तो हमारे घर पर भी नोटिस भिजवा दिया। हमें नही पता था कि भाई साहब वो पॉवर में आते ही सबसे पहले करंट का झटका हमें ही देगें। फ्लावर वालों की फायर में झुलसे इन फूल सपोर्टरों ने बताया कि हमें क्या पता था कि सारे रूल ये फूल वाले हमारें लिये ही लेकर आ जायेगें।

### क्यों उठी है ये चर्चा शहर सीट से भरेगी भगवा ठाकुर लेडी पर्चा

कमल वालों के यहां कमाल इस लोकसभा चुनाव में हो रहा है। विधानसभा वाले लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। शहर वालों के जीतने का बहुत ही बेसब्री से इतंजार हो रहा है। चुनाव लोकसभा का और दावेदारी के चर्चे विधानसभा में चल रहे हैं। बड़े नेता आये हैं लोकसभा प्रचार के लिये और सिफारिश की पर्ची वार्ड उपचुनाव की मिल रही हैं। लोकसभा में ठाकुर नाराज हैं और चर्चा ये है कि शहर सीट से भगवा ठाकुर लेडी चुनाव वाला पर्चा भर सकती हैं। नई हवा की नई भाजपा में कुछ भी हो सकता है और जब दशकों से चली आ रही ठाकुर सीट पर सिटिंग ठाकुर को हटा कर वैश्य लाया जा सकता है तो ठाकुरों की नाराजगी के साथ साथ पूर्वांचल वर्ग को भी हिस्सेदारी मिल सकती हैं। अब ये किसी की आंखों में रखा गया ख्वाब भी हो सकता है, ये किसी को थमाया गया लॉलीपाप भी हो सकता हैं मगर धुंआ उठा है तो कहीं आग जरूर है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति मोदीनगर ने बाबा साहेब का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** परम पूज्य बोधिसत्व बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 133वां जन्मोत्सव समारोह डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति भूपेंद्र पुरी मोदीनगर के तत्वाधान में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बस स्टैंड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वहां पर एक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संगीत मंडली के द्वारा बाबा साहब के जीवन से संबंधित अनेक गीतों का अनेक कलाकारों द्वारा व्याख्यान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर सतीश कुमार जी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का सभी को संकल्प लेने के लिए कहा। समिति के अध्यक्ष मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष बाबा साहब की जयंती मनाते हैं। हमें उनके विचारों पर चलकर अपने परिवार अपने समाज और देश को आगे बढ़ना चाहिए। समिति के कोषाध्यक्ष हरभजन सिंह मास्टर जी ने बाबा साहब के शिक्षा दर्शन और राजनीतिक दर्शन संविधान निर्माण आदि पर प्रकाश डाला। एडवोकेट सुनील कुमार जी ने भी बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डाला। मास्टर गजेंद्र सिंह ने भी बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन संयुक्त रूप से समिति के महासचिव सचिन बौद्ध सुनील कुमार एडवोकेट अभिषेक सीकरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम व समाज के प्रमुख समाजसेवी कृपाल सिंह ठेकेदार बेगमाबाद ने किया। समिति के पदाधिकारी में श्री अमरजीत सिंह जी देवपाल हरित डॉ. मनोज कुमार सचिन बौद्ध जगमोहन सिंह, अरुण कुमार, राकेश कुमार कर्दम, सुनील कुमार एडवोकेट, गजेंद्र सिंह, विकास कुमार गोल्डी, दिवाकर सागर विकास सागर सुधीर भारती शिव कुमार, भूषण कुमार, राहुल कुमार, अनिल मास्टर, सतपाल सिंह, दिनेश कुमार, अंकुर गौतम, सतपाल गौतम, शेर सिंह, किशोरी लाल, डॉ. राजकुमार, नरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, राजाराम, प्रमोद कुमार, गुलाब सिंह आदि का सहयोग विशेष रहा। शाम 5:00 बजे से डॉक्टर अंबेडकर पार्क भूपेंद्र पुरी गली नंबर 3 से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का बस स्टैंड मोदीनगर पर समापन हुआ।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने हरसांव, जनकपुरी, श्यामपार्क और नंदग्राम में किया सघन जनसंपर्क





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हरसांव गांव का दौरा किया। जहां पुलिस लाइन के समीप अमित शर्मा और अमित यादव के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित हुई। वहीं, जनकपुरी, मेन मार्केट, साहिबाबाद में संजीव भारद्वाज के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यहां पर स्थानीय कारोबारियों व समाजसेवियों के साथ एक बैठक हुई। वहीं, श्यामपार्क में सपा द्वारा आयोजित एक जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत समाजसेवी और वरिष्ठ सपा नेता राम दुलार यादव और समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में एक बैठक हुई। जिसके बाद श्याम पार्क मेट्रो स्टेशन के पास जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

वहीं, ब्लॉक-बी गली नंबर 5 दीनदयालपुरी नंदग्राम में एक बैठक हुई। इन सभी बैठकों में उन्होंने गाजियाबाद के समग्र विकास और समुचित नागरिक सुविधाओं की निर्बाध आपूर्ति का मुद्दा उठाया।

वहीं, भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि जब उन्हें स्वास्थ्य राज्यमंत्री के रूप में जनसेवा का मौका मिला, तब तो उन्होंने कोरोना महामारी के समय लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया, जबकि मैं किसी पद पर नहीं रहते हुए भी आपके साथ खड़ी रही और आपके लिए महामारी से जूझती नजर आई। हर संभव सहयोग भी किया। इसलिए अब आप लोग मेरा साथ दें। मुझे भारी बहुमत से जिताएं। मैं आपकी सभी समस्याओं के हल निकालूंगी। आपके बीच आकर चौपाल लगाऊंगी। उन्होंने सभी बैठकों में मिले अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

### पड़ोसियों ने दम्पत्ति पर किया हमला, तीन नामजद

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बिजली चोरी की शिकायत करने पर एक दम्पत्ति पर पडोस में रहने वाले लोगों ने घर में घूसकर जानलेवा हमला बोल दिया। शोर सुनकर जुटी भीड देख आरोपी पीडित पक्ष को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। नंदनगरी निवाासी आशू ने बताया कि पांच अप्रैल को जब वह ओर उसकी पत्नि घर पर थी, तभी पडोसी ने दरवाजा खुलवाया ओर बिजली चोरी की शिकायत करने का आरोप लगाते हुये गाली गलौच करते हुये मारपीट करनी शुरू कर दी। घर मे आरोपी पक्ष ने तोडफोड भी की। शोर सुनकर जुटी भीड देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पीडित पक्ष की ओर से दी गयी तहरीर पर पुलिस ने अमित, रीना व आर्यन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, मामले की जांच करायी जा रही हैं।

# सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी गाजियाबाद लोकसभा से प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया का जारी है जनसम्पर्क अभियान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा से प्रत्याशी धीरेन्द्र सिंह भदौरिया लगातार जनसम्पर्क करते हुए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में आज गरिमा गार्डन से शुरू हई जनसभाओं का सिलसिला अर्थला, इंदिरापुरम और नन्द्रग्राम में भी जारी रहा। लगातार जनता के बीच में उपस्थित होने वाले धीरेन्द्र का जनता भी खूब मालाओं से स्वागत कर रही है। अपनी जनसभाओं में जनता को सम्बोधित करते हुए धीरेन्द्र लगातार विकास का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार क्षेत्र का विकास करने में पूरी तरह से विफल रही है। वहीं जनता के बीच उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार को प्राथमिकता दी। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव ने कहा कि देश में वर्तमान सरकार की नीतियों और महंगाई को लेकर पूरी तरह से आक्रोश है। इस बार के चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे, क्योंकि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। अब आम आदमी ने मन बना लिया है सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी को विजय दिलाने का। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि गाजियाबाद की जनता सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी को सबसे बेहतर विकल्प मान कर चल रही है क्योंकि शहर में जनप्रतिनिधि नदारद ही रहते हैं। जनता के सुख-दुःख से उन्हें कोई सरोकार नहीं रहता लेकिन सुभाष पार्टी ने जनता के बीच रहने वाले धीरेन्द्र सिंह भदौरिया पर विश्वास जताया है जिससे जिले की जनता भी उत्साहित है और इस बार जीत धीरेन्द्र सिंह भदौरिया की होगी।

इस दौरान महाराणा प्रताप सेना वीर शिरोमणि के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह खोसला, सत्यम अग्रवाल, अनिल सिन्हा, सुभाष चंद्र पांडे, संजय श्रीवास्तव, शिवकुमार सिंह, गणेश शर्मा रंजीत शर्मा, अजय श्रीवास्तव, विनोद अकेला, पिंटू यादव, संजय पासवान, पन्नालाल, राजेश श्रीवास्तव, आरपी शुक्ला, प्रमोद श्रीवास्तव, हरी ओम तिवारी, जेपी शुक्ला, राजेन्द्र यादव, नरेंद्र पांडे समेत अनेकों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा महानगर गाजियाबाद के सहसंयोजक पंडित अशोक भारतीय ने क्षत्रिय समाज के ठाकुर चंद्रभान सिंह से की मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गाजियाबाद के सहसंयोजक पंडित अशोक भारतीय ने क्षत्रिय समाज के प्रतिष्ठित जाने-पहचाने व्यक्ति ठाकुर चंद्रभान सिंह से ईएसआई अस्पताल, राजेंद्र नगर, गाजियाबाद में मुलाकात की तथा उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर ठाकुर चंद्रभान सिंह जी ने क्षत्रिय समाज से करबद्ध प्रार्थना की और क्षत्रिय समाज किसी के बहकावे में ना आए तथा जिस तरीके से सबने पिछले चुनाव में क्षत्रिय समाज का साथ दिया है। क्षत्रिय समाज को सर्व समाज के स्थानीय भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को रिकॉर्ड मतों से जीता कर लोकसभा में भेजें। कमल के निशान का बटन दबाकर भाजपा के हाथ मजबूत करें और भविष्य के भारत का सपना साकार करें। अस्पताल के बिस्तर पर बीमारी के बावजूद जो भी क्षत्रिय समाज का व्यक्ति उनसे मिलने आता है, उससे भी ठाकुर चंद्रभान सिंह यही अपील करते हैं कि अतुल गर्ग को जिताएं।

### रोडरेज, युवक को मारपीट कर किया घायल

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में स्थित गंगनहर पटरी पर स्नान करने आए कार सवारों को रोडरेज में मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। राजनगर एक्सटेशन निवासी अभिषेक सिंघल अपनी पत्नी रश्मि व मां मोहिनी गुप्ता के साथ कार से गंगनहर पर नहाने के लिए आए थे। उन्होने गंगनहर पटरी पर पार्किंग स्थल पर कार पार्क कर दिया। उन्होने बताया कि एक ही बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होने लापवाही से बाइक चलाते हुए कार में टक्कर मार दी। जब टक्कर मारने का विरोध किया तो बाइक सवार युवकों ने गाली गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने बाइक सवार तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




### जोनल चेकिंग चल रही है सुस्त



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो इन दिनों चुनावी माहौल चल रहा है पर चुनावी माहौल में पुलिस शराब, हथियार, कैश और अन्य शांति बहाली वाली कार्रवाई चल रही है। इन सबके बीच सूचना आ रही है कि रात को होने वाली जोनल चेकिंग इन दिनों बेहद सुस्त चल रही है। कभी जोनल चेकिंग वालों की गाड़ी खराब हो जाती है, तो कभी जोनल चेकिंग वाले रात को कई जोन में बंक मार जाते हैं। सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों तो एक जोनल चेकिंग वाले साहब की गाड़ी एक ऐसे इलाके में घंटों खड़ी रही जहां रात को होने वाले काम खाकी से लेकर जनपद में चर्चाओं पर रहते हैं। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जोनल चेकिंग को लेकर बीते दिनों शिकायत वाला एक लैटर भी सामने आया बताया जा रहा है। तो वहीं जोनल चेकिंग की सुस्ती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जोनल वालों को अब तक कुछ सफलता नहीं मिली है। इन सबके बीच जानकारी यह भी है कि सिटी में एक थानाक्षेत्र में हुआ बाबा साहब का कार्यक्रम भी पुलिस के लिए कम बड़ा चैलेंज नहीं रहा है। सिटी जोन में 112 वाली कॉल पर कई लोगों ने शिकायत वाली सूचना भी दी थी। वहीं कमिश्नरेट के दो थानाक्षेत्रों की रात बेहद काली रही है। इन सबके के बीच सुनने में आ रहा है कि एक थाना प्रभारी को लेकर भी उनके एसीपी साहब लोग थोड़ी टेंशन में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि सिटी वाले जोन में एक थानाक्षेत्र में बीते कुछ दिनों में ही एक खास जाति वाले मामले ज्यादा ही तूल पकड़ रहे हैं, जिसको लेकर अधिकारी और सर्किल वाले साहब थोड़ा अलर्ट हो गए हैं। वैसे जोनल चेकिंग वाली स्थिति को कंट्रोल करने के लिए बीते दिनों दिशा-निर्देश जारी हुए थे लेकिन देखना होगा कि आने वाले समय में इनका क्या असर पड़ता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक एडीसीपी साहब आजकल टेंशन वाले मूड में चल रहे हैं। उनको इलेक्शन एंड और आचार संहिता क्लोज होने का वेट है। मामला जरूर कहीं ना कहीं हॉट हो रहा है इसीलिए वह आजकल ज्यादा अटैकिंग हो रहे हैं। इन दिनों चुनावी सीजन में जोनल वालों को चेकिंग के दौरान मसाला नहीं मिल पा रहा है ऐसा विभागीय सूत्र बता रहे हैं। तो वहीं कहा जा रहा है कि कैश को लेकर खाकी बहुत आराम से हाथ डाल रही है ताकि मामला वायरल ना होने पाए।

### शादी का झांसा देकर महिला से तीन वर्ष तक किया दुष्कर्म

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक कॉलोनी निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि एक युवक उसे वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन साल से दुष्कर्म करता चला आ रहा है। अब महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी कर रहा है।

नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि काफी समय मेरी मुलाकात नगर की एक कॉलोनी युवक से हुई थी। युवक महिला को शादी करने का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता चला आ रहा हैं। जब महिला ने युवक से शादी करने की बात कही तो वह मना करने लगा। अब युवक महिला को शादी करने का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई बात कह रही है।

### उजागर फाउंडेशन ने महापौर, संभागीय परिवहन अधिकारी को पत्र देकर वाहनों की जांच कर कार्यवाही की मांग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उजागर फाउंडेशन के महासचिव सचिन सोनी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन कर उन नगर में किराए पर लिए गए वाहनों की सूची मांगी। जिस पर जन सूचना अधिकारी/ नजारत प्रभारी नगर निगम गाजियाबाद ने कुल 30 ऐसे वाहनों के नम्बरों की सूची उपलब्ध करायी, नगर निगम से प्राप्त नम्बरों जिन्हें जन सूचना अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद से नॉन ट्रांसपोर्ट/मोटर कार में पंजिकृत है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उजागर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने नगर निगम व संभागीय परिवहन को पत्र देकर निजी वाहनों को व्यवसायिक उपयोग में लाए जाने, दोपहिया वाहनों व बिना पंजीयन वाहनों के नंबर सूचना का अधिकार में उपलब्ध कराए जाने की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की।

नगर निगम में किराए पर लिए जा रहे वाहनों में निजी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहन व ऐसे वाहन भी जिन्हें परिवहन विभाग ने पंजीयन चिह्न भी जारी नहीं किया।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# समस्त पापों और दुखों का नाश करती हैं मां नवदुर्गा





नवदुर्गा सनातन धर्म में भगवती माता दुर्गा जिन्हें आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है। भगवती के नौ मुख्य रूप हैं जिनकी विशेष पूजा व साधना नवरात्रि के दौरान और वैसे भी विशेष रूप से की जाती है। इन नवों/नौ दुर्गा देवियों को पापों की विनाशिनी कहा जाता है। हर देवी के अलग-अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है।
दुर्गा सप्तशती ग्रन्थ के अन्तर्गत देवी कवच स्तोत्र में निम्नांकित श्लोक में नवदुर्गा के नाम क्रमश: दिये गए हैं--

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी। तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम ।।
पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च। सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम ।।
नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा: प्रकीर्तिता:। उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ।।

## दुर्गा के नौ रूप यानी नवदुर्गा

### पहला रूप : शैलपुत्री



दुर्गाजी पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएँ हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएँ हाथ में कमल सुशोभित है। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम ॥

### दूसरा रूप : ब्रह्मचारिणी



नवरात्र पर्व के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली।

भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया।

कहते है माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन देवी के इसी स्वरूप की उपासना की जाती है। इस देवी की कथा का सार यह है कि जीवन के कठिन संघर्षों में भी मन विचलित नहीं होना चाहिए।

दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला-कमण्डलू ।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥

### तीसरा रूप : मां चन्द्रघण्टा



माँ दुगार्जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगन्धियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियाँ सुनाई देने लगती हैं। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चन्द्र है। इसीलिए इस देवी को चन्द्रघण्टा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खडग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घण्टे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस काँपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है।

इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं।

पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता। प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥





### चौथा रूप : मां कूष्माण्डा



नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हँसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है।

इस देवी की आठ भुजाएँ हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृत में कुम्हड़े को कुष्माण्ड कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्माण्डा।

इस देवी का वास सूर्यमण्डल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है। इसीलिए इनके शरीर की कान्ति और प्रभा सूर्य की भाँति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएँ आलोकित हैं। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। अचंचल और पवित्र मन से नवरात्रि के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करना चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है तथा उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। यह देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥

### पांचवां रूप : मां स्कंदमाता



नवरात्रि का पाँचवाँ दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है।

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कन्दमाता। नवरात्रि में पाँचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कन्द कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कन्दमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कन्द बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं।

यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्ण एकदम शुभ्र है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है।

शास्त्रों में इसका पुष्कल महत्व बताया गया है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएँ पूरी हो जाती हैं। भक्त को मोक्ष मिलता है। सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कान्तिमय हो जाता है। अतः मन को एकाग्र रखकर और पवित्र रखकर इस देवी की आराधना करने वाले साधक या भक्त को भवसागर पार करने में कठिनाई नहीं

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥





### छठा रूप : कात्यायनी



माँ दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। नवरात्रि में छठे दिन माँ कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं।

चन्द्रहासोज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥

### सातवां रूप : कालरात्रि



माँ दुगार्जी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुगार्पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्त्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है।

कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

### आठवां रूप : महागौरी



माँ दुगार्जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुगार्पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। इनकि चार भुजाएँ हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है इनको। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है।

श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥

### नौवां रूप : सिद्धिदात्री



माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। इस देवी के दाहिनी तरफ नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल का पुष्प है। इनका वाहन सिंह है और यह कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। नवरात्र में यह अन्तिम देवी हैं। हिमाचल के नन्दापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है।

सिद्धगन्धर्व-यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# विश्वास की गारंटी ही मोदी : नरेंद्र कश्यप

## 'अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जनता का आशीर्वाद राष्ट्र का विकास ही मोदी जी की प्राथमिकता'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा स्थित वाई.एम.सी.ए. क्लब में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया।

विश्वगुरु भारत बनाने की गारंटी को मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। मंत्री कश्यप जी ने आगे बताया हमारी विरासत और विकास का संयोजन एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेगा जिसमें हमारी परंपराएं दुनिया भर के लोगों को प्रेरित और एकजुट करेंगी। भारत अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी योजनाओं से विनिर्माण को बढ़ावा मिला है।

पीएम गति शक्ति योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी परियोजनाओं का समग्रत विकास किया जा रहा है। देश में मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को खत्म किया गया है। बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना किया गया है।

ऑपरेशनल हवाई अड्डों की संख्या को दोगुना किया गया है। नई ट्रेनों जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत, नमो भारत को शुरू किया गया है। नॉन-फॉसिल फ्यूल से बनी बिजली क्षमता को 2.5 गुना बढ़ाकर 180 गीगावाट किया गया है।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से गौतमबुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, जिला महामंत्री मनोज गर्ग, लोकसभा मीडिया प्रभारी अर्पित तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सैनी कुशवाहा वैलफेयर सोसाइटी ने मनाई भीमराव अम्बेडकर जयंती



**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** सैनी कुशवाहा वैलफेयर सोसाइटी द्वारा राष्ट्र पिता ज्योतीबा फुले व डा०भीमराव अंबेडकर जन्म दिवस हिंदी भवन में बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध, राष्ट्रपिता ज्योतीबा फुले एवं डा०भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि भेंट कर राष्ट्रीय गान से किया गया। इस अवसर पर अतिथिगण में डा०सुरूची, संध्या मौर्य( आयकर अधिकारी ) एसपी मौर्य ( पूर्व सहायक लेबर कमिश्नर ) मौके पर मौजूद रहे। सभी ने इस मौके पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर आओ छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व द्रोपदी एक आवाज, नाट्य मंचन कर शोभा बढ़ाई। जिसमें लगभग 100, बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पारितोषिक दिये गये। वहीं मंच की अध्यक्षता विमल कुमार शाक्य ने की। इस अवसर पर शिशूपाल सैनी,चमन सैनी,रत्ना,मंजू, मनीष, हरिनंदन आदि के अलावा सैकड़ों की संख्या में सैनी समाज के लोगों ने शिरकत की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले नागर ने उस वक्त दूर कर दिये अपने सभी डाउट? जब रेडफेस मैन चाहते थे कि कोई कर दे वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के सामने उनकी शहर सीट से दावेदारी वाली तमन्नाएं आउट? किसी ने दावेदारी में लिया यादव जी के साथ नागर जी का भी नाम? अपना नाम सुनकर नागर जी चौंक गये श्रीमान? उन्होंने मौके पर ही कर दिया सबकुछ स्पष्ट? कहा हमारा पतनाला तो पूरी तरह यादव जी की तरफ गिर रहा है? हम हैं उन्हीं के साथ भले ही हो किसी को भी कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब के सामने शहर वाली सीट से दावेदारी को लेकर चर्चाएं थी जारी? इतनी ही देर में आ गई इन चर्चाओं में भगवा कमांडर की बारी? भगवा कमांडर ने जैसे ही सुना अपना दावेदारी में नाम? तुरंत खड़े हो गये उनके कान? कान खड़े होते ही खड़े कर दिये उन्होंने अपने हाथ? कह दिया मैं तो नदिया पार की सेवा के लिए हमेशा तैयार हूं? मेरा क्यों शहर सीट पर नाम चला रहे हो आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद? यहां पर कुछ देर बाद दिखाई दिया हमें महानमंत्री त्यागी जी का वजूद? वार्ता में एन्ट्री लेते ही उन्होंने भगवा कमांडर के कंधे पर हाथ रखकर कराया अपनी उपस्थिति का एहसास? नजारा देखकर लग रहा था वो संदेश दे रहे हों कि उनका मामला है कमांडर से कितना खास? अब इस बारे में तो दोनों का दिल ही बेहतर रखता होगा पहचान? दोनों के बीच मामला खासमखास हो चुका है या फिर इस नजदीकी के पीछे कोई और ही संदेश है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मीडिया वाली जिम्मेदारी शिद्दत से संभाल रहे हैं सरदार जी और सिंह साहब? हम देख रहे हैं दोनों कैमरे के फ्रेम में आकर ही खुश हैं? भले ही चुनाव में कोई खास मैनेजमेंट और माइक्रो मैनेजमेंट वाली जिम्मेदारी ना आई हो हमारे हाथ? हम देख रहे हैं कि माइक्रो मैनेजमेंट वाली जिम्मेदारी संभाल रहे हैं दो मित्तल भगवाधारी? कहने वाले ने कहा जब इतनी ही कृपा की है जब करने वालों ने? तब इन दोनों को ही आफिशियल रूप से घोषित कर देना चाहिए था मीडिया वाला प्रभारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा युवा तोमर इस वक्त ठाकुर समाज की नाराजगी से है बहुत ज्यादा परेशान? वो जहां भी जाता है इस विषय पर आर्कषित करता है पार्टी के वरिष्ठजनों का ध्यान? कहता है संगठन वालों को समय रहते इस माहौल को लेना चाहिए भांप? ये कोई मौहल्ले का चुनाव नहीं, बल्कि है लोकसभा का चुनाव? मैं बैठ रहा हूं लगातार बिरादरी वालों के बीच? मुझे पता है उन्होंने विरोध में ली है काफी तलवारे खींच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों की ज्वाईनिंग कराने से एक दिन पहले ही हमने देखा था ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का एक कार्यक्रम में जलवा जलाल? हमने देखा था कि कैसे स्टेट वाले ठाकुर साहब ने दो कदम आगे आकर उनका किया था अभिवादन स्वीकार? ऐसा लग रहा था कि तभी हो गई थी इतनी बड़ी वाली ज्वाईनिंग की स्क्रिप्ट तैयार? जब ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि इतनी जबरदस्त ज्वाईनिंग करा रही है तो लाजमी है चौधरी साहब की ओर से इस तरह का देना आदर और सत्कार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें भगवा किसान वाले भारद्वाज का काफी भाता है मेहनती किरदार? हम देखते हैं कि वो अकेले अकेले ही खूब मेहनत करते हैं? भले ही उनके साथ ना होते हों उनकी टीम के दीदार? कहने वाले ने कहा हो सकता है चल रहा हो फसल काटने का सीजन? इसलिए वो अकेले अकेले नजर आते हैं? यही हो सकता है उनके अकेलेपन का रीजन? मगर उनका यूं अकेले अकेले चलना किसी को लेने के लिए मजबूर कर रहा है कुछ और ही डिसीजन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ककक... करन इस वक्त मार रहे हैं लोकसभा चुनाव में दे दना दन रन? हो गया है उन्हें राजनीति का बारीक ज्ञान प्राप्त? हमने देखा अब मीडिया के कैमरों में कैसे फिक्स होना है? इस बात का नाप लिया है उन्होंने नाप? वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब की प्रेस कार्फ्रेंस में उन्होंने बड़ी ही स्मार्टनेस से खुद को किया मंच के पीछे फिक्स? मीडिया वाले चौधरी साहब के सामने उन्होंने काफी मजबूती से लिया ये वाला रिस्क? इसी तरह वो लगे रहे तो पायेंगे जल्द ही बड़ा नाम? राजनीति करें और अखबारों में ना छपे, ऐसी राजनीति का भी क्या करना है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा झा के पास आ गई है भगवा कमिश्नरी की समन्वयक वाली जिम्मेदारी? मगर इस जिम्मेदारी को मिलकर भी उनके चेहरे पर चमक नहीं हुई है जारी? हमने देखा चुनाव कार्यालय पर वो बहुत ही उदास चेहरे के साथ थे मौजूद? पहले जैसा नजर नहीं आ रहा था हमको उनमें ताजगी का वजूद? कुछ तो वजह है जो उन्होंने अपने दिल में किया हुआ है किसी दर्द को मौजूद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसलिए भगवा वर्मा जी का व्यवहार हमें पूरे भगवागढ़ में लगता है ग्रेट? मैं यूं ही ये बात नहीं कह रहा हूं? ये बात कह रहा हूं मैं देखकर एक डीबेट? मैंने देखा डीबेट में हाथ वाले विजय चौधरी थे उनके सामने पोलिटिकल बहस करने को मौजूद? यहां पर दिखाई दे रहा था शर्मा जी का भी वजूद? जब कांग्रेस अध्यक्ष के सामने हुआ वर्मा जी से सवाल? तब उन्होंने कहा मैं अपने छोटे भाई के साथ नहीं कर सकता हूं बहस? एक डीबेट के चक्कर में मैं नहीं करना चाहता अपने रिश्तों को तहस-नहस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# अब नगर निगम के सदन में होंगे भाजपा के 76 पार्षद

## क्षेत्रीय अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की उपस्थिति में महापौर ने कराया 11 पार्षदों को भाजपा में शामिल

● बसपा,निर्दलीय एवं अपनी जनतांत्रिक पार्टी के पार्षद भाजपा में शामिल, बढ़ा परिवार : सुनीता दयाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को भाजपा ने फिर चुनावी सीजन में विपक्ष को बढ़ा झटका देना का काम किया है। नवयुग मार्किट स्थित चुनाव कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया के नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की उपस्थिति में महापौर सुनीता दयाल ने तीना निर्दलीय पार्षद( अनुज त्यागी वार्ड 87,राजीव भाटी वार्ड 73,नितिन कुमार वार्ड 31) बसपा के दो पार्षद( सुभाष चौधरी वार्ड 32,राधेश्याम त्यागी वार्ड 57), अपनी जनतांत्रिक पार्टी( अजीत निगम), एक पूर्व मंडल अध्यक्ष( आलोक शर्मा), चार पूर्व पार्षद(हेमलता शर्मा,विनोद शर्मा,विनोद कुमार,आनंद गुप्ता) भाजपा परिवार में शामिल कराया है। जिसमें मुख्य रूप से पार्षद विरेन्द्र त्यागी,प्रेम त्यागी आदि उपस्थित रहे।

### निगम में बढ़ी भाजपा पार्षदों की संख्या

करंट क्राइम : नगर निगम के सदन में अब भाजपा के 76 पार्षद बैठेंगे। जो शहर हित में एक साथ कार्य करेंगे और सभी को साथ लेकर शहर के लिए कार्य करेंगे। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि बसपा,निर्दलीय,अपनी जनतांत्रिक पार्टी,पूर्व मंडल अध्यक्ष, अलग-अलग पार्टी के पूर्व पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं। जिससे भाजपा परिवार बढ़ा है और यह सभी लोग भी अपने अपने क्षेत्रों में भाजपा के वोट के लिए कार्य करेंगे और हम सभी मिलकर भाजपा प्रत्याशी एवं प्रधानमंत्री मोदी को अदभुत जीत कराएंगे। जिससे देश को एक अच्छी दशा और दिशा मिलेगी।

# साहिबाबाद विधानसभा वासी फिर दोहराएगें ऐतिहासिक जीत का इतिहास : सुनील शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा में विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के साझा नेतृत्व ने साहिबाबाद विधानसभा के 53 वार्डों में अपने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का तूफानी दौरा कराकर जीत के आंकड़े को अधिक सुरक्षित करने का काम किया। एनडीए के प्रत्याशी अतुल गर्ग की धुंआधार सभाओं की चर्चा विपक्षी गलियारों की बैचैनी का सबब बना हुआ है। अतुल गर्ग ने सभा के दौरान कहा पूरे देश की जनता जनार्दन मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के साथ संकल्प बद्ध होकर तीसरी बार मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा मैनें अपनी लोकसभा क्षेत्र के लोगों की आंखों में भी वही झलक देखी है। उन्होंने कहा सभी वोट मोदी को दे रहे हैं अतुल गर्ग को नहीं। इसलिए आप सभी से अपील है कि आप मेरा कहां है यह देखें या न देखें मगर कमल का फूल का बटन देखकर अपना मत डाल देना। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा ये वही साहिबाबाद विधानसभा है जिसके मतदाताओं ने भाजपा की जीत का नम्बर वन का रिकॉर्ड बनाया था इस बार फिर वही दोहराना है। चुनावी सभाओं का तूफानी दौर वार्ड न० 64, 63, 66, 45, 28, 73 , गरिमा गार्डन , राजीव कॉलोनी और चंद्रशेखर पार्क एक्सटेशन -2 में 'जनसभा' कराकर संपन्न हुआ। जहां पर मण्डल अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना , दीपक राघव और राजन वाल्मीकि और कार्यक्रम संयोजक बिजेन्द्र चौहान , सुधीर कुमार और पवन रेड्डी उपस्थित रहे। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास' नारा मात्र नही है यह पहचान है भारत के विश्व गुरू बनने की, यह पहचान है।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पर भाजपा के संकल्प पत्र की मीडिया को जानकारी देने के लिए मौजूद रहे। इस दौरान फुर्सत के पलों में महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने उनके साथ मुस्कुराते हुए अपना फोटो क्लिक कराया।

## शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ व मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर वापस जा रही एक शिक्षिका के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की, विरोध करने पर युवकों ने शिक्षिका के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी व्यक्ति परिवार सहित रहता है। उनकी पुत्री गांव के ही एक स्कूल में शिक्षिका पद पर कार्यरत है। शिक्षिका छुट्टी के बाद स्कूल से अपने घर पैदल वापस जा रही थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंची तो बाइक सवार तीन युवक आए और अश्लील हरकत करने लगे। पहले तो शिक्षिका ने युवकों की बात को अनसुना कर दिया। इसके बाद युवक वापस आए और शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ करने लगे। युवती द्वारा शोर मचाने पर युवकों ने मारपीट की और फरार हो गए। युवती अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद पजिनो ने इसकी शिकायत गोविन्दपुरी पुलिस चैकी से की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का दीनानाथपुर पूठी में हुआ भव्य स्वागत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा का दीनानाथपुर पूठी, गाजियाबाद में भव्य स्वागत हुआ। यह स्वागत समारोह सपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ योगेश यादव और प्रदेश किसान कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि यदि आप लोगों को अपनी सोई किस्मत जगानी है तो ईवीएम पर हाथ का बटन ही दबाना है। आप जितना ज्यादा से ज्यादा हाथ का बटन दबाइएगा, गाजियाबाद के समग्र विकास की उतनी अधिक गारंटी होगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आप सभी के आदर-सत्कार भाव की मैं कायल हूं। यदि आपने एकजुट होकर मौका दिया तो जनप्रतिनिधि का फर्ज ठीक से निभाऊंगी। आपको अपनी समस्याएं बताने के लिए मेरे पास नहीं आना होगा, बल्कि मैं खुद आपके पास आकर सामूहिक चौपाल लगाऊंगी। आपकी समस्याएं पूछूंगी और तत्परतापूर्वक उसका निदान भी दिलवाऊंगी। कोरोना काल में आपने जो मेरी भूमिका देखी-सुनी है, उससे भी अव्वल प्रयास करूंगी। क्योंकि उस दौर में मैं कुछ भी नहीं थी, फिर भी आप लोगों के लिए दिन-रात मेहनत करती रही। जरूरतमंद लोगों के लिए सूखा-गीला राशन से लेकर अस्पताल में बेड और ऑक्सीजन सिलिंडर तक की व्यवस्था करवाई थी। उन्होंने कहा कि जनसेवा करना मेरा स्वभाव है, क्योंकि एक राजनीतिक परिवार की थाती के रूप में मुझे यही मिला है। इसलिए यदि आप लोगों ने गाजियाबाद की सेवा करने का सुअवसर प्रदान किया तो यह मेरा अहोभाग्य होगा।



# ऐसा होगा बाबा साहेब के सपनों का भारत : सिकंदर यादव

**पांचवीं शताब्दी में चीन के दो यात्री फाह्यान और ह्वेनसांग ने अपने वर्णन में लिखा है कि ये सारी भूमि अफगानिस्तान से लेकर दक्षिण भारत तक सारी धरती बौद्धमय है जगह-जगह बौद्ध विहार हैं, और हर घर में भन्ते हैं। आप जब यूरोप जाते हैं, जापान जाते हैं, चीन जाते हैं, तो वो कहते हैं भारत का जो धर्म है वो बौद्ध है लेकिन जब वो भारत आते हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है बौद्ध धर्म बिल्कुल नगण्य संख्या में भारत में है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नवयुग मार्केट अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि श्री सिकंदर यादव को आमंत्रित किया व सम्मानित किया। इस अवसर पर जनता को सम्बोधित करते हुए सिकंदर यादव ने बाबा साहेब पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहेब को हमने मान तो लिया, लेकिन ऐसे बहुत कम लोग हैं जिन्होंने बाबा साहब को जाना है। मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि बाबा साहब को मानने से काम नहीं चलेगा, बाबा साहब को जानना बहुत जरूरी है।

एक उदाहरण देते हुए यादव कहते हैं कि बाबा साहब ने जो 17 प्रतिज्ञाएं हम लोगों को दीं, उस पर चलने वाले बहुत कम लोग हैं। बाबा साहब ने भगवान बुद्ध की तरह कहा था कि मैं मुक्तिदाता नहीं हूं मैं मार्गदाता हूं इसलिए बाबा साहब ने कहा मेरी कभी पूजा मत करो, मैंने जो कहा उसे पर चलने की कोशिश करो। आगे लोगों को संबोधित करते हुए सिकंदर यादव ने कहा कि जब भारत के प्रधानमंत्री जापान जाते हैं तो कहते हैं मैं भगवान बुद्ध की भूमि से आया हूं और जब जापान के प्रधानमंत्री भारत आए तो उन्हें ले गए काशी जी, गंगा जी की आरती कराने, तो ये एक बड़ा भेद है। बाहर जाकर तो कहते हैं कि हम भगवान बुद्ध के देश से आए हैं और जब वो लोग आते हैं तो उन्हें बनारस के घाट पर ले जाते हैं। आगे अपने संबोधन में सिकंदर यादव कहते हैं कि पांचवीं शताब्दी में चीन के दो यात्री फाह्यान और ह्वेनसांग ने अपने वर्णन में लिखा है कि ये सारी भूमि अफगानिस्तान से लेकर दक्षिण भारत तक सारी धरती बौद्धमय है जगह-जगह बौद्ध विहार हैं, और हर घर में भन्ते हैं। आप जब यूरोप जाते हैं, जापान जाते हैं, चीन जाते हैं, तो वो कहते हैं भारत का जो धर्म है वो बौद्ध है लेकिन जब वो भारत आते हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है बौद्ध धर्म बिल्कुल नगण्य संख्या में भारत में है।

सम्राट अशोक जब भारत के सम्राट थे तो उन्होंने भारत में 80 हजार स्तूप बनवाए थे। उन 80 हजार स्तूप में से कुछ बचे हैं। ये बात मैं इसलिए बता रहा हूं कि मैंने एक बार अपने गुरुजी से पूछा कि इतनी बड़ी संख्या में बहुजन समाज है, दलित है, पिछड़े हैं, वंचित हैं, माइनॉरिटी हैं लेकिन उनकी सरकारें नहीं आ पाती हैं, न्यायपालिका में, कार्यपालिका में या विधायिका में उतना प्रतिनिधित्व नहीं मिलता क्यों? तो गुरुजी ने बड़ी सूक्ष्म बात मुझे बताई, उन्होंने कहा कि बच्चा जब पढ़ाई करता है स्कूल टॉप करता है, उस टॉपर बच्चों को आप देखना 16 घंटे 18 घंटे पढ़ाई करेगा उसके बाद जो परिणाम आएगा वो रिजल्ट, वो डिग्री उसे मिलेगी। जब 16 घंटे 18 घंटे बच्चा पड़ेगा तो सब चीजों से दूर हो जाएगा, ना वो टीवी देखेगा, ना मोबाइल देखेगा, ना किसी से मिलेगा, ना अच्छे कपड़े पहनेगा, ये सब चीजों का त्याग किया। और जब त्याग किया जाता है तो तप हो जाता है।

**कोई भी समाज, कोई भी परिवार, कोई भी व्यक्ति ऊंचे स्थान पर तभी पहुंचता है जब त्याग करता है, तप करता है। जो समाज ज्यादा त्याग करेगा तप करेगा वो समाज ऊपर आ जाएगा।**

इसी तरह कोई भी समाज, कोई भी परिवार, कोई भी व्यक्ति ऊंचे स्थान पर तभी पहुंचता है जब त्याग करता है, तप करता है। तो गुरुजी ने कहा कि जो समाज ज्यादा त्याग करेगा तप करेगा वो समाज ऊपर आ जाएगा क्योंकि 15 फीसदी लोग आज भी पिछले 70 साल से किसी भी पार्टी की सरकार आ जाए यही 15% लोग हमेशा सत्ता में भागीदार रहते हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं अगर आप भारत को सच में विश्वगुरु बनाना चाहते हैं जैसे पांचवीं शताब्दी में फाह्यान ने लिखा है कि भारत कभी विश्व गुरु रहा है सिर्फ एक समय पर रहा जब भगवान बुद्ध का यह पथ पूरे एशिया में फैला आज 40 से ज्यादा देश भगवान बुद्ध का अनुसरण कर रहे हैं, तो विश्व गुरु वह कब बना, जब हम भगवान बुद्ध के मार्ग पर चले और अगर हमें दोबारा विश्व गुरु बना है तो हर घर में एक भन्ते पैदा करना होगा, हर परिवार में एक भन्ते होना चाहिए तभी हमारा समाज, आपका समाज उन्नति कर सकता है मैं आपको अपना उदाहरण बताता हूं मेरा छोटा बेटा जो 4 साल का है वो बुद्ध वंदना करता है सुबह-शाम और मैं अपने बड़े बेटे का नाम मिलिंद रखा है मिलिंद। राजा के ऊपर मेरे घर में कोई पुरोहित नहीं आता, बौद्ध भन्ते आते हैं या सद्गुरु साहब पंत को मानने वाले, गुरु रविदास को मानने वाले आते हैं मैं आप सब लोगों को बताना चाहता हूं कि हमें आपको अगर तरक्की करनी है तो बाबा साहब को जानना पड़ेगा मानने से काम नहीं चलेगा।

अब आप सोचिए कितने लोग हैं जो बाबा साहब की 17 प्रतिज्ञाएं में कहा, मांस मत खाओ, मदिरा मत पियो, छल मत करो, जुआ मत खेलो और कर्मकांड की पूजा मत करो, लेकिन ज्यादातर लोगों को देखेंगे की लोगों में श्रद्धा है, विश्वास है आस्था है लेकिन उनको बाबा साहब को जानना नहीं, उनके मार्ग पर चल नहीं पाते, अगर बाबा साहब को पाना है, भारत को आगे ले जाना है तो बाबा साहब को जानना पड़ेगा और उनके मार्ग पर चलना पड़ेगा।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूपी पुलिस में उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह और यूपी पुलिस में ही तैनात उनकी पत्नी दीपिका को डबल खुशी मिली है। उनके परिवार में बेटा और बेटी ने एक साथ कदम रखे हैं। शिशुपाल सिंह को पापा और दीपिका को मम्मी कहने के लिए पुत्री रूप में बालिका और पुत्र रूप में बालक ने जन्म लिया है। अपने जुड़वा बच्चों को जब गोद में लेकर दरोगा शिशु पाल सोलंकी ने यह पोस्ट फेसबुक पर साझा की तो बधाई शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला चलता रहा। सभी ने इस डबल खुशी की डबल बधाई दी। खुशियों को दुगुना करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।